GE
नगर संस्करण

सांध्य दैनिक
# गुड इवनिंग
इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

पेज-5 लर्निंग नर्सेस-कॉलेज छात्राओं के साथ छेड़छाड़



अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, रविवार, 20 अप्रैल 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 31
www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

### शहर के 28 छोटे-बड़े तालाबों को बचाना बड़ी चुनौती

# पानी को तरस रहा इंदौर



गुड इवनिंग, इंदौर

गर्मी की अभी शुरुआत ही है और शहर के कई क्षेत्रों में जलसंकट गहराने लगा है। कई क्षेत्रों में भूमिगत जलस्तर नीचे गिरने से बोरिंगों ने साथ देना बंद कर दिया है। कई क्षेत्रों में लोगों का एकमात्र सहारा अब टैंकर ही हैं। इस कारण विवाद होना आम बात हो गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पुराने जलस्त्रोतों को नहीं सहेजा गया तो नर्मदा भी शहर का साथ ज्यादा दिन नहीं दे पाएगी?

बाग बगीचों और तालाबों का इंदौर आज भीषण गर्मी और सूखे से जूझ रहा है। भूमिगत जल के मामले में शहर डेंजर जोन में है और कई रिपोर्ट्स पानी के विषय में इंदौर के भविष्य पर चिंता जता चुकी हैं। इन सबके बावजूद प्रशासन इनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। पर्यावरणप्रेमियों का मानना है कि अगर इसी तरह से चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब इंदौर पानी की एक एक बूंद को तरस जाएगा। नर्मदा पर आश्रित इंदौर के पानी की भरपाई के लिए यदि स्थानीय जल स्त्रोतों को नहीं बचाया गया तो नर्मदा नदी भी इंदौर का ज्यादा साथ नहीं दे पाएगी। पर्यावरण विशेषज्ञ सुधीन्द्र मोहन शर्मा, किशोर पंवार, ओपी जोशी और भोलेश्वर दुबे ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को शहर की संस्था सेवा सुरभि के द्वारा हमारा इंदौर, हमारा पर्यावरण नाम से प्रकाशित पुस्तक में शामिल किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शहरी सीमा में 28 छोटे-बड़े तालाब हैं, इन्हें बचाना एक बड़ी चुनौती होगी। यदि ऐसा कर पाए तो धरोहर बचने के साथ पानी का संवर्धन भी होगा।

### कई तालाब तो खो गए, रिकॉर्ड भी दर्ज नहीं

संस्था निसर्ग मैत्री की मेघा बर्वे ने बताया कि इंदौर में कई छोटे बड़े तालाब थे जो कई अलग अलग कारणों से खो गए। सबसे बड़ी बात यह है कि इनका रिकार्ड भी मौजूद नहीं है। हमने तीन से चार साल तक इंदौर के तालाब खोजे जिसमें हमें लगभग 33 तालाब मिले और सात जल क्षेत्र मिले। नगर निगम और प्रशासन के साथ काम करते समय हमने उन्हें यह सभी जानकारी दी। निगम की टीमें तालाबों के सीमांकन का काम कर रही हैं।

### तालाबों का सीमांकन तक नहीं करता नगर निगम, इसलिए कब्जा कर लेते हैं लोग

पर्यावरण विशेषज्ञों ने बताया कि इंदौर में तालाबों पर अतिक्रमण की सबसे प्रमुख वजह है कि तालाबों का सीमांकन तक नहीं किया जाता। तालाबों की कितनी जमीन है और कितनी संरक्षित करना है जब तक यह निर्धारित नहीं किया जाएगा उन पर अतिक्रमण होता ही रहेगा। सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से कुछ तालाबों का सीमांकन हुआ है लेकिन अधिकांश का सीमांकन बाकी है।

## Short News

### गुना में शोभायात्रा पर पथराव की घटना मामले में एसपी को हटाया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गुना जिले में हनुमान जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को निकाली गई शोभायात्रा में हुई पथराव की घटना को लेकर एसपी संजीव कुमार सिन्हा को उनके पद से हटा दिया है। उन्हें भोपाल मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। उनकी जगह अब अंकित सोनी को गुना का नया एसपी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के मौके पर गुना के शाह के कोल्हूपुरा क्षेत्र से एक शोभायात्रा निकाली गई थी, जो रपटा और हाट रोड की ओर जा रही थी। जब यह जुलूस कर्नलगंज की एक मस्जिद के सामने पहुंचा, तभी आगे बढ़ने को लेकर एक स्थानीय पार्षद की किसी व्यक्ति से कहासुनी हो गई। इसी दौरान अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया था।

### पुलिस कांस्टेबल ने साथी सिपाही को गोलियों से भूना



**भागलपुर।** बिहार के बेतिया में पुलिस के एक जवान ने अपने साथी जवान को गोलियों से भून दिया। मृतक की पहचान सोनू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि उसके साथी परमजीत कुमार ने सोनू कुमार को 11 गोलियां मारी हैं, जबकि उसने कुल 20 गोलियां फायर की थी। घटना पुलिस लाइन की है। घटना के संबंध में पुलिस लाइन में मौजूद अन्य सिपाहियों ने बताया कि बेतिया के पुलिस लाइन परिसर में किसी बात को लेकर परमजीत कुमार और सोनू कुमार के बीच कहा सुनी हुई। देखते ही देखते मामला ऐसा हो गया कि परमजीत कुमार ने अपने साथी पुलिस कांस्टेबल सोनू कुमार के ऊपर अपनी एसएलआर तान दी। तबतक दोनों में कहासुनी होती रही। इसी दौरान परमजीत सोनू पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने लगा। बताया जाता है कि परमजीत ने सोनू के चेहरे पर 11 गोलियां मारी हैं। इस घटना में सोनू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद अन्य सिपाहियों का कहना है कि परमजीत ने लगभग 20 राउंड से भी अधिक गोलियां चलाई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मौसम विभाग ने कहीं ऑरेंज तो कहीं यलो अलर्ट किया जारी

# 26 राज्यों में आज आंधी-तूफान और बारिश के साथ गिरेंगे ओले

एजेंसी

*नई दिल्ली। मौसम विभाग ने रविवार को भी उत्तराखंड समेत 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अंधड़, गरज, बिजली गिरने और कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और यलो अलर्ट जारी किया है।*

राजस्थान और मध्य प्रदेश को छोड़कर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड समेत पश्चिम हिमालयी क्षेत्र समेत देशभर में अधिकांश क्षेत्रों में शनिवार को आंधी-तूफान के साथ बारिश हुई और ओले गिरे। उत्तर पश्चिम भारत के पहाड़ी राज्यों में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम के मिजाज में आए इस बदलाव से यातायात संबंधी कुछ दुश्वारियां तो बढ़ीं, लेकिन



ठंडी हवाओं ने भीषण और उमसभरी गर्मी से बड़ी राहत दिलाई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को रेड अलर्ट की बीच जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मूसलाधार बारिश हुई। कुछ जगह हिमपात भी हुआ। कश्मीर घाटी के गुरेज में भारी बर्फबारी के चलते 8वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा के तटवर्ती इलाकों में ऑरेंज अलर्ट के बीच तेज हवाएं चलीं और अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि और गरज के साथ भारी बारिश दर्ज की गई।

### पश्चिमी विक्षोभ से बिगड़ेगा मौसम

उत्तर पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिम झारखंड एवं उत्तर बांग्लादेश और आसपास के इलाकों पर ऊपरी और निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। दक्षिण हरियाणा और आसपास के क्षेत्र से उत्तर बांग्लादेश तक एक ट्रफ रेखा भी बनी हुई है। मौसम संबंधी इन प्रणालियों के प्रभाव से जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल और पूर्वोत्तर के सभी सातों राज्यों के साथ 20 राज्यों में रविवार को आंधी-तूफान, भारी बारिश, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और झारखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### मप्र का पारा 44 डिग्री पर, 3 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

## आज 5 जिलों में चलेंगे लू के थपेड़े

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश के 5 जिले रविवार को हीट वेव यानी, लू की चपेट में रहेंगे। मौसम विभाग ने रतलाम, गुना, सागर, दमोह और सीधी में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं, ग्वालियर, शिवपुरी और मंडला की रात गर्म रह सकती है। प्रदेश में शनिवार को भी गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। रतलाम, गुना, सागर, दमोह, सीधी में लू का असर रहा। वहीं शिवपुरी सबसे गर्म रहा यहां का तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया।



**प्रदेश के पांच सबसे गर्म शहर**

| शहर | अधिकत तापमा |
|---|---|
| शिवपुरी | 44.0 डिग्री |
| सागर-में | 42.8 डिग्री, |
| नर्मदापुरम | 42.8 डिग्री |
| मंडला | 42.6 डिग्री |
| खजुराहो | 42.6 डिग्री |

### सीईटी परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थी से जनेऊ उतरवाने पर बवाल, कॉलेज प्रिंसिपल और स्टाफ निलंबित

**बीदर।** कर्नाटक के बीदर में साईं स्फूर्ति पीयू कॉलेज के प्रिंसिपल और स्टाफ को निलंबित कर दिया गया है। छात्र सुचिव्रत कुलकर्णी ने दावा किया था कि 17 अप्रैल को बीदर के साईं स्फूर्ति पीयू कॉलेज में कर्नाटक सीईटी परीक्षा केंद्र पर उनसे जनेऊ उतरवाया गया था। दरअसल, 17 अप्रैल को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी परीक्षा) के दौरान परीक्षा केंद्र पर एक छात्र से जबरन जनेऊ हटाने की मांग की गई। छात्र बीदर के साईं स्फूर्ति पीयू कॉलेज में परीक्षा देने गया था। वहां स्टाफ ने कहा कि वह जनेऊ नहीं हटाता, तो उसे परीक्षा देने नहीं दिया जाएगा। छात्र ने धार्मिक प्रतीक बताते हुए जनेऊ हटाने से इनकार किया, जिसके बाद उसे परीक्षा देने से रोक दिया गया और वह वापस घर लौट आया। मामले के तूल पकड़ने के बाद कर्नाटक ब्राह्मण सभा के नटराज भागवत की ओर से शिकायत दर्ज किए जाने के बाद मामला दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, जिसका उद्देश्य किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को आहत करना), 351 (1) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और 3(5) (सामान्य इरादा) शामिल हैं।

### मप्र के मुख्यमंत्री विशेष बाड़े में छोड़ेंगे चीते

# डॉ. मोहन यादव आज करेंगे गांधी सागर चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत

भोपाल, एजेंसी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को जावद और रामपुरा में लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री खिमला स्थित गांधी सागर अभयारण्य पहुंचेंगे, जहां वे चीता परियोजना के तहत बने विशेष बाड़े में चीतों को छोड़कर गांधी सागर चीता प्रोजेक्ट का शुभारंभ करेंगे। अपने दौरे के दौरान सीएम नीमच-सिंगोली मार्ग और भाटखेड़ा-नीमच-डूंगलावदा



(जावद फंटा) सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। 295.69 करोड़ की नीमच-सिंगोली सड़क परियोजना, जिसकी लंबाई 85.52 किमी है, का निर्माण एमपीआरडीसी द्वारा किया जाएगा। इसमें 10 मीटर चौड़ी सड़क के साथ 1-1 मीटर चौड़े शोल्डर होंगे। परियोजना के अंतर्गत 75.39 किमी सड़क डामरीकरण और 10.13 किमी सड़क पेवमेंट क्वालिटी कांक्रीट (पीक्यूसी) से बनेगी। इसके अलावा 133 पुल-पुलियों का पुनर्निर्माण/चौड़ीकरण भी किया जाएगा। यह कार्य 24 माह में पूर्ण किया जाएगा। इस सड़क से किसानों को मंडियों तक सुगम आवागमन मिलेगा और क्षेत्र का व्यवसायिक व सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा।



## स्कीम नं. 78 में कथा के अंतिम दिन खेली फूलों की होली, भावुक हुए श्रद्धालु

# भगवान श्रीकृष्ण को दरिद्रता से बचाने के लिए सुदामा ने खाए चने

### श्रीमद् भागवत कथा में पं. शास्त्री ने सुनाया कृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग

गुड इवनिंग, इंदौर

भगवान कृष्ण के सखा सुदामा ने भगवान श्रीकृष्ण के हिस्से के चने उन्हें दरिद्रता के शाप से बचाने के लिए खाए थे। मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी होनी चाहिए।

उक्त विचार स्कीम नंबर 78 (अरण्य नगर) में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के समापन पर कथा वाचक पं. कृष्णकांत शास्त्री ने व्यक्त किए। कथा वाचक पं. शास्त्री ने अंतिम दिन कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। पं. शास्त्री ने ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर द्वारिका में कृष्ण से मिलने गए। द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझकर रोक दिया। जब द्वारपाल ने कृष्ण को सुदामा के आने की सूचना दी, तो वे तुरंत दौड़कर आए। कृष्ण ने अपने मित्र को गले लगाया और महल में ले गए। सुदामा ने भी 'कन्हैया-कन्हैया' कहकर उन्हें गले लगाया। कथा के बाद सभी ने राधा-कृष्ण स्वरूप में बनकर आए कलाकारों के साथ फूलों की होली खेली। कथा समापन पर भंडारे का आयोजन भी हुआ

कार्यक्रम में मुख्य यजमान रामकिशोर यादव के परिवार ने प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर कोर कमेटी अध्यक्ष गुलशन यादव जी राजेश यादव जी वार्ड नंबर एक विधानसभा प्रभारी राजेश यादव, माधव नंदन, जगन्नाथ यादव, फूलचंद यादव, संगीता मनोज यादव निपानिया, अशोक यादव, साधना जितेंद्र यादव, डॉ. रमन यादव, पूर्व पार्षद कोमल जीवन पंचोली, क्रिकेट कोच अशोक राजौरा सहित समस्त यादव कोर कमेटी आदि मौजूद रहे।







### जब हनुमानजी के आगे नतमस्तक हुए शनिदेव

पं. शास्त्री ने हनुमान का एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब शनि देव ने हनुमान को अपनी साढ़े साती शनि की बात कहते हुए उनके सिर में प्रवेश हुए तो भगवान हनुमान ने अपने सिर पर पर्वत रख लिए। इससे घबराए शनि ने न केवल भगवान से क्षमा-याचना की, बल्कि यह भी कहा कि वे कभी भी हनुमान के भक्त के पास जाएंगे भी नहीं। जो हनुमान का भक्त होगा, उसे साढ़ेसाती का असर भी नहीं होगा।

**भंडारे में शामिल हुए सैकड़ों लोग**-कथा के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र सहित दूर-दूर से लोग आकर शामिल हुए। देर रात तक लोग प्रसादी लेने आते रहे। आयोजन रामकिशोर यादव ने सभी का अभार व्यक्त किया।

## आचार्य विहर्ष सागर महाराज इंदौर आगमन का किया अनुरोध



इंदौर। राष्ट्र संत आचार्य गुरुवर विहर्ष सागर महाराज के इंदौर आगमन पर इंदौर से मनोज काला (पूर्व पार्षद), कमल काला, पुष्पेंद्र वेद सोनू, यश मनोज काला, विकास जैन, नरेश काला, रोहित काला एवं महिला मंडल से सोनू गोधा, नंदिनी गोधा सहित अनेक श्रद्धालु भक्तों ने गुरुदेव के चरणों में श्रीफल अर्पित कर इंदौर पधारने हेतु विनम्र निवेदन किया।

## ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित जीण धाम के स्थापना दिवस पर आज शाम निकलेगी चुनरी यात्रा

इंदौर। ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित जीण धाम की स्थापना के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज शाम 5 बजे जीण धाम से भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया है। मातारानी के सेवक हरिओम अग्रवाल ने बताया कि चुनरी यात्रा जीण धाम से प्रारंभ होकर कालिंदीकुंज कालोनी के सामने से एक नंबर बगीचे से होते हुए मालू परिसर की गली से पुनः जीणधाम पहुंचेगी, जहां माताजी को विशाल चुनरी समर्पण के साथ अभिषेक, पूजा एवं भजन के अनुष्ठान भी होंगे। चुनरी यात्रा में जीण माता के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।

## अग्रवाल एलीट क्लब की कपल पार्टी एवं कॉमेडी पर केन्द्रित कार्यक्रम आज

इंदौर। अग्रवाल एलीट क्लब के तत्वावधान में आज सायं 6.30 बजे से होटल द पार्क पर कपल पार्टी एवं मनोरंजन का जबर्दस्त कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। क्लब की ओर से कृष्णा विजय गोयल, आशा एस.एन. गोयल, जयश्री राजेश मित्तल एवं सुनीता अरुण आष्टावाले ने बताया कि कार्यक्रम में प्रख्यात एंकर करिश्मा एवं प्रख्यात कामेडियन गौरव गुप्ता अपनी प्रस्तुतियों से इस कपल पार्टी का आनंद कई गुना बढ़ा देंगे। सभी कपल्स से मेचिंग ड्रेस में आने का आग्रह किया गया है। क्लब की मंजू जी.डी. गोयल, सरोज ओम अग्रवाल, मंजू अनिल गर्ग एवं गुणमाला गर्ग के अनुसार एंकर करिश्मा की प्रस्तुतियां सायं 6 से होगी।

# अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ अपने क्षेत्र में लगाएगा 11 प्याऊ

### 6 स्थानों पर जल सेवा केन्द्र शुरू

गुड इवनिंग, इंदौर

दिनोंदिन उछल रहे पारे और तापमान को देखते हुए श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने आम नागरिकों के हितों में रणजीत हनुमान रोड, अन्नपूर्णा रोड, कैट चौराहा सहित अन्नपूर्णा क्षेत्र के 11 स्थानों पर शीतल जल सेवा प्रारंभ करने का संकल्प किया है। इस पर हाथोहाथ अमल करते हुए चार स्थानों पर प्याऊ की स्थापना की जा चुकी है, जबकि 2 स्थानों पर रविवार को प्याऊ का शुभारंभ होगा। इस तरह 11 में से 6 स्थानों पर प्याऊ की स्थापना का संकल्प पूरा हो चुका है तथा शेष 5 स्थानों पर भी अतिशीघ्र स्थापना कर दी जाएगी।




महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल एवं अध्यक्ष संजय गोयनका ने बताया कि अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने निर्णय लिया है कि अपने इस संकल्प की पूर्ति के लिए महासंघ से जुड़े परिवारों के निवास अथवा संस्थान का चयन कर एक चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत इन 11 स्थानों पर शीतल पेयजल की सेवा शुरू की जाएगी। इनमें से 4 स्थानों पर तो हाथोंहाथ जल सेवा केन्द्र प्रारंभ कर दिए गए हैं। पिंकेश मोदी एवं विष्णु गोयल ने बताया कि इस सेवा प्रकल्प में सतीश मोदी, मुकेश ब्रजवासी, विजय गर्ग, मनीष अग्रवाल एवं रेखा अग्रवाल के संस्थानों पर ये जल सेवा केन्द्र प्रारंभ कर दिए गए हैं। अब तक उषा नगर, उषा नगर एक्सटेंशन, रेवेन्यू नगर एवं सुदामा नगर में जल सेवा केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है, जबकि केट रोड एवं नरेन्द्र तिवारी मार्ग पर रविवार को शुभारंभ होगा। इस तरह 11 में से 6 जल सेवा केन्द्र की स्थापना का काम लगभग पूरा हो गया है। शेष 5 स्थानों पर भी अतिशीघ्र स्थापना हो जाएगी। संस्था के गोपाल मुक्ति अग्रवाल एवं दिनेश गर्ग ने बताया कि अपने नाम और सेवा प्रकल्प को सार्थक बनाते हुए अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ द्वारा क्षेत्र में अन्य सेवा कार्य प्रारंभ करने की योजना भी बनाई गई है, जिसके तहत मूक परिंदों के लिए भी समाजबंधुओं के घर-आंगन में सकोरे एवं दाना-पानी की व्यवस्था की जाएगी।

# इंदौर के 24 छात्रों ने जेईई मेन्स में हासिल किया 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर के 24 छात्रों ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 2) में शानदार सफलता पाई है। मध्य प्रदेश से कुल 43 छात्रों ने 99 परसेंटाइल या उससे अधिक स्कोर किया, जिनमें से 24 छात्र अकेले इंदौर से हैं। इंदौर के देव कौरव ने 99.99 परसेंटाइल और ऑल इंडिया रैंक (अक्फ़) 169 के साथ राज्य में टॉप किया है। इंदौर के अन्य शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों में अनय अग्रवाल (99.94), प्रांजल राठौर (99.91), हर्षित अग्रवाल (99.88), अशुतोष सिंह (99.87), गगन गोयल (99.78), मृदुल पाल (99.78), आर्यमन पाठक (99.77), स्तुति जैन (99.74), अभय जैन (99.72), उत्कर्ष अवधिया (99.69), वेदांत घाडगे (99.59), पार्थ मित्तल (99.58), मोहित राज (99.55), शिवराज सिंह (99.50), अर्पित श्रीवास्तव (99.46), वेद गुप्ता (99.44), अर्णव जैन (99.28), अक्षत कंसल (99.22), आदित्य शर्मा (99.12), ओम सिद्धार्थ (99.05), आदित्य राम (99.03), मिताली कुलकर्णी (99.01), और यांसी खत्री (99.00) हैं।



## अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप ने किया बैसाख चतुर्थी का उद्यापन समारोह

गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रवाल समाज की सक्रिय और सेवाभावी संस्था अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप द्वारा बैसाख चतुर्थी का उद्यापन समारोह एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर समाजसेवी जगदीश गोयल के आतिथ्य में मनाया गया।

ग्रुप की संस्थापक राधा राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 500 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनेक मनोरंजक स्पधाओं में पुरस्कार भी जीते। ग्रुप की ओर से भी महिलाओं को अनेक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी जगदीश-सीतादेवी गोयल ने व्रतधारी महिलाओं के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और ग्रुप के सेवा प्रकल्पों की भी प्रशंसा की। महिलाओं ने परंपरानुसार पूजा भी की ओर नाचते-गाते हुए अपने खुशियां व्यक्त की। संचालन गौरी- निखिल अग्रवाल ने किया। व्रतधारी महिलाओं का स्वागत सीमा-श्याम अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, वर्षा गुप्ता, तारा ऐरन, दीप्ति अग्रवाल, संध्या गुप्ता एवं सुमन जिंदल ने किया। अंत में राधा अग्रवाल ने माना।

### नवलखा अग्रवाल संगठन द्वारा आनंद नगर में चल रहे रामकथा महोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब, आज अहिल्या माता गौशाला पर सेवा कार्य

# तिजोरी में सत्य, सत्संग और सेवा के संस्कारों की पूंजी जोड़ने का पुरुषार्थ भी करें

गुड इवनिंग, इंदौर

अपने जीवन में हम दिन-रात परिश्रम कर अनेक तरीकों से धनार्जन में तो लगे रहते हैं, लेकिन जीवन की धन्यता और अधिक बढ़ जाएगी, जब हम अपनी तिजोरी में सत्य, सत्संग और सेवा के संस्कारों की पूंजी जोड़ने का पुरुषार्थ भी करेंगे। वस्तु प्रधान सुख कुछ क्षणों का होता है, लेकिन ईश्वर के सुमिरन से मिलने वाला सुख स्थायी होता है। जब तक हम स्वयं को अपने आराध्य की भक्ति से नहीं जोड़ेंगे, तब तक जीवन में कुछ न कुछ रिक्तता बनी रहेगी। जीवन की आपाधापी के बीच थोड़ी सी गुंजाईश परमात्मा की सेवा के लिए भी जरूर रखें।

ये प्रेरक विचार हैं प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी महाराज के, जो उन्होंने शनिवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान व्यक्त किए। कथा में मनीषा बंसल, शकुन गर्ग, पूनम गुप्ता, पिंकी गोयल, उमा संजय अग्रवाल, आरती अग्रवाल, विजिया अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल आनंद नगर, दीप्ति अग्रवाल, मोनिका सांघी एवं तृप्ति गोयल ने उत्सव, रंगोली, साज-सज्जा एवं आरती सहित विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली। कथा शुभारंभ के पूर्व जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, कमलेश खंडेलवाल, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, दीपक जैन टीनू, मनोज वर्मा, गोपाल गोयल, अतुल चायवाले, बालमुकुंद अग्रवाल, राजेश बंसल, गुरू भक्त मंडल के ओम सिलावट, धनंजय शर्मा, आसिफ शाह, विवेक निगम, गौरव अग्रवाल, संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प.पू. उत्तम स्वामी के संसारी जीवन के बड़े भाई अनिल सनाप ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। अनेक संत-महंत भी नियमित रूप से कथा श्रवण कर रहे हैं। महंत वामनदास, महंत मंगलनाथ सहित जगन्नाथपुरी एवं गंगोत्री से भी आए हुए संतों, महंतों ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक संदीप गोयल आटो ने बताया कि आनंद नगर में कथा का यह प्रवाह 21 अप्रैल तक प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे तक जारी रहेगा। रविवार, 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे संतश्री के सानिध्य में अहिल्या माता गौ शाला पर गुरू भक्त मंडल एवं नवलखा अग्रवाल संगठन की मेजबानी में गौ सेवा का कार्य होगा।








फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के तत्वावधान में अहिंसा, शाकाहार और पर्यावरण संरक्षण जैसे पवित्र संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इंदौर शहर के नेहरू स्टेडियम से विशेष मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के सभी जागरूक नागरिकों ने अपनी भूमिका निभाई।

बायपास में निर्माण की कवायद शुरू

# शहर में बिछेगा 100 किमी की मास्टर प्लान सड़कों का जाल

गुड इवनिंग, इंदौर

*शहर के पश्चिमी बाइपास को बनाने की कवायद शुरू हो गई है, लेकिन अब उससे जुड़ी मास्टर प्लान की सड़कों को बनाने की प्लानिंग भी की जा रही है,ताकि निर्माण के साथ बाइपास से शहर की कनेक्टिविटी भी हो सके। फिलहाल दस सड़कों को बनाने की योजना है। जिनकी लंबाई 100 किलोमीटर होगी। उनके निर्माण पर एक हजार करोड़ की लागत आएगी। इन सड़कों को निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण और नगर निगम मिलकर करेगा। इसे लेकर अफसरों की बैठक भी हो चुकी है।*

इंदौर में जब पूर्वी बाइपास बनाया गया था तो उससे इंदौर की मास्टर प्लान सड़कों को जोड़ने का काम किया गया। एमआर-11, एमआर-11, एमआर-7 सड़क उससे जुड़ी है। इसके अलावा एमआर-3 का आधा हिस्सा भी बना है। बाइपास से तीन सड़कों को जोड़ने का काम पंद्रह सालों में पूरा हुआ। यह देरी पश्चिमी बाइपास पर न हो, इसलिए डेढ़ सौ किलोमीटर लंबे बाइपास के निर्माण के साथ मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण भी साथ में किया जाएगा। इससे पश्चिमी बाइपास के आसपास बसाहट तेज होगी और रियल इस्टेट सेक्टर में भी तेजी आएगी।



### एमआर-1 से लेकर एमआर-12 तक सड़कों की पहले प्लानिंग हुई

एमआर-1 से लेकर एमआर-12 तक सड़कों की पहले प्लानिंग की गई ती, लेकिन उनमें से कुछ अभी भी नहीं बन पाई है। एमआर-11 बीते दस सालों से अधूरी है। निरंजनपुर से आगे यह सड़क नहीं बन पाई। इसके अलावा एमआर-4 का काम दस साल पहले पिछले सिंहस्थ मेले के समय शुरू हुआ था, लेकिन अभी तक वह भी अधूरी है। एमआर-9 और एमआर-3 सड़क भी बाइपास से इतने वर्षों बाद भी नहीं जुड़ पाई है।

# ट्रांसको ने भी शुरू की पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र की सुविधा

गुड इवनिंग, इंदौर




मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी वेबसाइट पर नई सुविधा शुरू की हैं। अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मलहोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है। पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच भी कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहां पेंशनर अपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं, इनकम टैक्स फॉर्म-16 एक्सेस कर सकते हैं और डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में, एमपी ट्रांसको के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन और पारिवारिक पेंशन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से वितरित की जाती है, जिसमें 4,285 पेंशनर जुड़े हुए हैं। भविष्य में इस प्रणाली को अन्य बैंकों से भी जोड़े जाने की योजना है।

# बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए मिलेगा 50 लाख का लोन

गुड इवनिंग, इंदौर

जिले के रोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत स्वरोजगार स्थापना के लिए 50 लाख रुपए तक का लोन उपलब्ध करवाया जाएगा।

योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए सामान्य वर्ग ,अल्पसंख्यक वर्ग, पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं से ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत आवेदन करने के लिए न्यूनतम 8 वीं उत्तीर्ण तथा उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक नहीं होना चाहिए। योजना के तहत उद्योग लगाने के लिए 50 हजार रुपए से 50 लाख रुपए तक का लोन दिया जाएगा। इसी तरह सेवा एवं खुदरा व्यवसाय के लिए 50 हजार रुपए से 25 लाख रुपए तक का लोन मिलेगा। योजना में बैंक ब्याज दर पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान तथा ग्यारंटी फीस शत-प्रतिशत अधिकतम 7 वर्षों तक दी जाएगी। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में लाभ लेने के लिए एम. पी. ऑन लाइन के माध्यम से वेबसाइट पर आवेदन किया जा सकता है।

# सुरक्षा मापदंडों के पालन में कोताही नहीं बरतने के निर्देश




गुड इवनिंग, इंदौर

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी कर्मचारी व अधिकारियों से लाइन व ग्रिडों पर कार्य करते समय सुरक्षा के मापदंडों का अक्षरशः पालन करने को कहा है। कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के सख्त निर्देश दिए हैं। ऐसे में लाइनों, ग्रिडों का कार्य करने वाले कर्मचारी सुरक्षा उपकरणों जैसे कि दस्ताने, सीढ़ी, सेफ्टी बेल्ट, इंसुलेटेट प्लायर, डिस्चार्ज राड़ का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। श्री चौहान ने बताया कि लाइन डिस्चार्ज सावधानीपूर्वक करें और अर्थ वायर भी शरीर से पर्याप्त दूरी पर रहे। डबल सर्किट हो तो दोनों ओर सुरक्षा जोन बनाया जाए। सीढ़ी पर चढ़कर कार्य करे तो नीचे हेल्पर अनिवार्य रूप से सीढ़ी को पकड़े रहे, ऐसा सुनिश्चित किया जाए। डीओ को आपरेटिंग राड़ से ही लगाया जाए, बांस या अन्य वस्तुओं का प्रयोग ना करें। श्री चौहान ने कहा कि सुरक्षा जोन बनाने के बाद भी कर्मचारी अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए उसी तरह कार्य करें मानों वह चालू लाइन पर कार्य कर रहा है। लाइन क्रॉसिंग या डबल सर्किट होने पर कार्य के पहले सुरक्षा उपकरण पहने और सेफ्टी जोन बनाकर ही कार्य की शुरूआत करें। पावर ट्रांसफार्मर और वितरण ट्रांसफार्मर की आइल लीकेजिंग समय पर रोकी जाए। एलए को भी अनिवार्य रूप से ग्रिड, पावर ट्रांसफार्मर, वितरण ट्रांसफार्मर के पास लगाकर विद्युत संसाधनों की बिजली गिरने या कड़कड़ाहट से रोकथाम की जाए।

# एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं का रिजल्ट मई के पहले हफ्ते में होगा जारी, 90 प्रतिशत कॉपियां हुई चेक

**इंदौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन कार्य 90 फीसदी पूरा हो चुका है । 21 अप्रैल को बची हुई 20 हजार कॉपियां भी जांच ली जाएंगी। बता दें कि इस बार मूल्यांकन केंद्र मालव कन्या उमावि में 10वीं और 12वीं की कुल तीन लाख चार हजार 511 कॉपियां जांच के लिए अन्य जिलों से आई थीं।

इसमें शुक्रवार तक दो लाख 84 हजार एक कॉपियां जांची जा चुकी हैं। इस बार मूल्यांकन कार्य 25 अप्रैल तक पूरा किया जाना था, जिसे चार दिन पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। इस बार परीक्षा मूल्यांकन कार्य 13 मार्च से शुरू हुआ था। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी बबीता हयारण ने बताया कि इस बार 10वीं में कुल एक लाख 78 हजार 721 कॉपियां जांच के लिए आई थीं। इनमें से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, आईटी, प्रायवेट सिक्यूरिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस और ऑटोमेटिव विषय की सभी कॉपियां जांची जा चुकी हैं।

अब विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय की कुल 18 हजार 900 कॉपियां जांची जाना शेष हैं। इसी तरह 12वीं में कुल एक लाख 25 हजार 790 कॉपियां जांच के लिए आई थीं।




इंदौर। जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने नागरिक और जन प्रतिनिधि जुड़ने की बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कही। उन्होंने कहा, श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिले होगे पुरस्कृत।

जमकर नारेबाजी की और कही यह बात

# मुस्लिम महिलाओं ने की पीएम मोदी की तारीफ

गुड इवनिंग, इंदौर

4 अप्रैल 2025 को संसद में देशभर के वक्फ संशोधन विधेयक, मुसलमान वक्फ निरसन के समर्थन में सैकड़ों मुस्लिम परिवार जिंसी हाट मैदान पावरग्रिड के समीप एकत्र हुए। सभी ने केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा किया। साझा संस्कृति मंच के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में हाथों में तख्तियां लिए सभी लोगों ने नए विधेयक के पक्ष में जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। साझा संस्कृति मंच के अध्यक्ष सेम पावरी ( पूर्व राज्य मंत्री दर्जा) ने बताया कि केंद्र सरकार ने आम मुस्लिम समुदाय के हित में नया वक्फ बोर्ड विधेयक पारित कराया है इससे मुस्लिम समाज में हर्ष है और इसी खुशी को आज समाज का हर वर्ग जाहिर कर रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और पुरुष केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का शुक्रिया कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास नारे को लेकर देश को विश्व पटल पर आगे ले जा रहे हैं। भारत के इतिहास में मुस्लिम समाज के लिए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक जरूरतमंद और आम मुस्लिम के पक्ष में रहेगा इसमें मुस्लिम समुदाय को जो अधिकार और उनकी जरूरत की पूर्ति होगी वह भविष्य में उनके लिए विकास और उन्नति का नया रास्ता खोलेगी। जनता हमेशा से नवाचार के पहले पायदान पर रहती है। इसी प्रकार वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के पक्ष में इंदौर में यह शानदार माहौल देखकर मन पुलकित है। मुस्लिम समुदाय के बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक प्रधानमंत्री मोदी को शुक्रिया अदा कर रहे हैं। यह गौरव का पल है। आज सभी भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला वक्फ बोर्ड सदस्य यूसुफ हुसैन पहलवान, मुजफ्फर पहलवान, महेश दमानी, सेम पावरी, संध्या यादव आदि शामिल हुए। संचालन अशोक अधिकारी ने किया। आभार संध्या यादव ने माना।

### इन प्रमुख बिंदुओं पर मिला भरपूर समर्थन

- शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन, एक क्लिक इंटरनेट पर उपलब्ध होगी सारी जानकारी, सबकी नजर में सार्वजनिक बनी रहेगी।
- चंदा निगरानी शुल्क 7 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत किया, जिस वक्फ से प्राप्त धन का और ज्यादा गरीबों और जरूरतमंदों पर खर्च हो सकेगा, लोगों को राहत मिलेगी।
- अब हर महीने वक्फ बोर्ड की बैठक बुलाना अनिवार्य है, पहले बैठक कब होती थी इसका समाज जनों को पता नहीं होता था।
- अब वक्फ बोर्ड में नगर परिषद, नगर पालिका या नगर पंचायत जहां भी जिस प्रकार जा का क्षेत्र होगा, वहां के एक-एक पार्षद सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर मुस्लिम समाज जनों की समस्या को ज्यादा गंभीरता से सहायता व अन्य सुविधा प्रदान की जा सकेगी।

संस्कृति बचाओ मंच ने लगाया लैंड जिहाद का आरोप

# सरकारी कॉलोनी में अवैध रूप से बना दी मजार

गुड इवनिंग, भोपाल

*मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जिला जेपी अस्पताल के कर्मचारियों के लिए बने 1250 शासकीय आवासीय परिसर में ही पक्की कब्र बनाकर मजार बना दी गई। संस्कृति बचाओ मंच ने इसे लैंड जिहाद बताते हुए शिकायत की तो आनन-फानन में राजस्व की टीम इस कॉलोनी में पहुंची। अब पूरे मामले की जांच की बात कही जा रही है।*



संस्कृति बचाओ मंच के प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर तिवारी ने टीटी नगर एसडीएम से इस बारे में शिकायत की थी कि बाघंबरी देवी मंदिर के पास शासकीय आवासीय परिसर 1250 के दो मंजिला आवास क्रमांक 28-38 और 85-96 के पास खाली जगह पर दो मजार बनाई गई हैं। इनका निर्माण यहां रहने वाले मुस्लिम व्यक्तियों ने किया है। ऐसे में अवैध रूप से कब्जा कर बनाई गई मजारों को हटाते हुए शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उनकी शिकायत पर एसडीएम अर्चना रावत शर्मा ने शुक्रवार को हल्का पटवारी के नेतृत्व में एक टीम को कॉलोनी में भेजा।

**दो मजार बनाकर टीन शेड का ढांचा खड़ा कर दिया-** टीम पहुंची तो पता चला कि आवास के पास खाली जगह पर पेड़-पौधे लगे हुए हैं और दो मजार बनाकर उसके ऊपर टीन शेड का ढांचा खड़ा कर दिया गया है। टीम ने निरीक्षण कर जानकारी एसडीएम को उपलब्ध करवा दी थी। राजस्व अमले ने बताया कि यह इलाका उनके नहीं बल्कि कोलार एसडीएम के क्षेत्राधिकार में आता है। ऐसे में यह मामला कोलार एसडीएम को सौंपा गया है। कोलार एसडीएम रविशंकर राव ने पूरे मामले की जांच करने के लिए दल का गठन कर दिया है।

**पड़ोसी कुछ बताने को तैयार नहीं-** नईदुनिया ने मौके पर पड़ताल की तो आसपास के लोगों ने मजार के बारे में कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया। मजार के पास स्थित एक मकान के बाहर मौजूद महिलाओं ने कहा कि वे वहां रहती ही नहीं हैं। बाद में वे घर में चली गईं। एक बुजुर्ग ने सवाल सुनते ही कहा कि उन्होंने कोई मजार नहीं देखी है।

### तीन साल पुरानी है मजार

पटवारी द्वारा किए गए निरीक्षण से पता चला है कि मजार करीब तीन साल पुरानी है। यह क्षेत्र कोलार तहसील के अंतर्गत आता है। उसकी जानकारी संबंधित एसडीएम को दे दी गई है। आगे की जांच उनकी तरफ से होगी।

**- अर्चना रावत शर्मा, एसडीएम, टीटी नगर, भोपाल**

### सरकारी भूमि पर मजारें कैसे बन गई

इस मामले की जांच के लिए टीम का गठन किया है। यह आवास संपदा व पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाए गए हैं। उनसे जवाब मांगा है कि शासकीय भूमि पर मजारें कैसे और कब बनाई गई, उन्हें इसकी जानकारी क्यों नहीं लगी?

**- रविशंकर राय, एसडीएम, कोलार, भोपाल**

# एमपी में अब सरकारी स्कूलों के टीचर्स की अटेंडेंस चेहरा दिखाकर लगेगी



गुड इवनिंग, भोपाल

अब सरकारी स्कूलों से शिक्षक गायब नहीं रह पाएंगे। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई पहल की है। प्रदेश के करीब चार लाख शिक्षकों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। यह एप शिक्षकों की लोकेशन दर्ज करेगा साथ ही आनलाइन चेहरा दिखाई देने पर ही उपस्थिति लगेगी। गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलेंगे तो जुलाई से शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य कर दी जाएगी। तीन बार व्यवस्था बनाई गई लेकिन फेल हो गई। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से वर्ष 2017, वर्ष 2020 और वर्ष 2022 में प्रयास किया। ऑनलाइन उपस्थिति एम शिक्षा मित्र एप के जरिए शुरू की गई थी। लेकिन शिक्षकों ने इस प्रक्रिया का विरोध किया।

कभी स्मार्ट फोन न होने तो कभी नेटवर्क न मिलने का बहाना बनाया गया। ऑनलाइन उपस्थिति से कन्नी काटी जाती रही।

कई कारणों से यह प्रक्रिया ठीक से लागू नहीं हो पाई।

### नए एप में गड़बड़ियों को किया गया दूर

- एम शिक्षा मित्र एप से उपस्थिति लगानी अनिवार्य की गई थी लेकिन इसके माध्यम से नेटवर्क मिलने पर ही उपस्थिति लगती थी।
- इसमें लोकेशन व चेहरा पहचान कर उपस्थिति लगाने का विकल्प नहीं होने से बहुत गड़बड़ियां होती थीं। सार्थक एप में इन्हें दूर कर लिया गया है।

### अवकाश के लिए भी कर सकेंगे आवेदन

- ाार्थक एप की नई व्यवस्था में कर्मचारी व शिक्षक छुट्टी के लिए भी आवेदन कर सकेंगे और शासन से किसी भी प्रकार का कार्यालयीन पत्राचार इस एप से हो जाएगा।
- दरअसल, सार्थक एप मध्य प्रदेश सरकार के पोर्टल से जुड़ा नवीनतम मोबाइल एप्लीकेशन है।

# रात में भी मिल सकेगी 'पीएमश्री' एयर एंबुलेंस की सुविधा, दो इंजन वाले हेलीकॉप्टर का होगा उपयोग

गुड इवनिंग, भोपाल।

**राज्य सरकार की पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा में एक बड़ी सुविधा जुड़ने जा रही है। इसमें रोगियों को उपचार के लिए रात में भी बड़े अस्पताल में पहुंचाया जा सकेगा। इसके लिए दो इंजन वाले हेलीकाप्टर का उपयोग किया जाएगा, जो रात में भी उड़ सकेंगे। इस सुविधा के लिए सेवा देने वाली कंपनी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच सहमति बन चुकी है।**




टेंडर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। लगभग दो माह माह में सेवा प्रारंभ होने के आसार हैं। लगभग एक वर्ष में 60 लोगों को यह सुविधा मिली है, जिनमें 80 प्रतिशत आयुष्मान कार्डधारी हैं, जिन्हें निश्शुल्क सेवा मिली। आयुष्मान हितग्राहियों के अतिरिक्त अन्य लोग भी निर्धारित शुल्क देकर रात में इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अभी गैर आयुष्मान हितग्राहियों को यह सुविधा लगभग दो लाख रुपये प्रति घंटे के हिसाब से मिल रही है। रात में हेलीकाप्टर सेवा के दरें अभी निर्धारित नहीं हुई हैं, पर पुरानी दरों की तुलना में इसमें थोड़ा-बहुत अंतर ही हो सकता है। आयुष्मान हितग्राहियों के लिए इसकी सुविधा निर्धारित 80 प्रकार ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिल रही है। इसमें रोगी के लिए 50 लाख का दुर्घटना बीमा का प्रविधान भी है।

### ऐसी मिलती है सुविधा

- संभाग के अंदर रोगी के निशुल्क परिवहन के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर संभाग के अंदर स्वीकृति प्रदान करते हैं।
- संभाग के बाहर जाने की स्वीकृति स्वास्थ्य आयुक्त देते हैं।
- मेडिकल कालेज में भर्ती गंभीर रोगी को संभाग के बाहर एंबुलेंस की स्वीकृति -डीन की अनुशंसा पर संभाग आयुक्त और राज्य के बाहर के लिए संचालक चिकित्सा शिक्षा देते हैं।

# अप्रैल और मई में निरस्त रहेंगी 26 ट्रेनें

गुड इवनिंग, भोपाल।

*उत्तर पूर्व रेलवे के गोरखपुर मंडल के अंतर्गत तीसरी लाइन के इंटरलाकिंग कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। इस कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली 26 ट्रेनों को अलग-अलग तिथियों में निरस्त किया है। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार ये ट्रेनें 17 अप्रैल से 7 मई तक अलग-अलग दिनों में निरस्त रहेंगी। प्रभावित ट्रेनों में पुणे, कोचुवेली, सिकंदराबाद, यशवंतपुर, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, ओखा, पनवेल, बांद्रा टर्मिनस तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस जैसे गंतव्यों से चलने वाली प्रमुख लंबी दूरी की ट्रेनें शामिल हैं।*




### ये ट्रेनें रहेंगी कैंसल

- पुणे-गोरखपुर तीन मई, गोरखपुर-कोचुवेली 27 अप्रैल, 1, 2, 4 मई
- कोचुवेली-गोरखपुर 30 अप्रैल, 4, 6, 7 मई
- गोरखपुर-सिकंदराबाद 30 अप्रैल।
- सिकंदराबाद-गोरखपुर एक मई। गोरखपुर-यशवंतपुर 26 अप्रैल।
- सिकंदराबाद-गोरखपुर 28 अप्रैल।
- गोरखपुर-एलटीटी 22 एवं 29 अप्रैल।
- एलटीटी-गोरखपुर 23, 30 अप्रैल।
- एलटीटी-गोरखपुर 27 अप्रैल से तीन मई।
- गोरखपुर-एलटीटी 27 अप्रैल से तीन मई।
- गोरखपुर-यशवंतपुर 22 व 29 अप्रैल।
- यशवंतपुर-गोरखपुर 24 अप्रैल व एक मई।
- गोरखपुर-पुणे 24 अप्रैल व एक मई।
- पुणे-गोरखपुर 26 अप्रैल व तीन मई।
- गोरखपुर-ओखा 24 अप्रैल व एक मई। ओखा-गोरखपुर 27 अप्रैल व चार मई तक निरस्त रहेगी।

### ट्रेनें देरी से पहुंची भोपाल

12138 पंजाब मेल : एक घंटा
12406 गोंडवाना : 24 मिनट
11058 अमृतसर : डेढ़ घंटा
12920 मालवा : 2 घंटे 06 मिनट
12156 भोपाल एक्स : आधा घंटा
12722 दक्षिण एक्स: 28 मिनट
18237 छत्तीसगढ़ : 28 मिनट
12853 अमरकंटक : 30 मिनट
22537 कुशीनगर : 35 मिनट

## भोपाल में नाबालिग को नग्न कर पीटा, वीडियो वायरल हुआ तब दर्ज कराया केस

गुड इवनिंग, भोपाल।

राजधानी में बदमाशों ने सरेराह एक किशोर का अपहरण किया और उसे दूर ले जाकर नग्न कर बुरी तरह पीटा। एक बदमाश ने अपनी इस करतूत का वीडियो बना लिया। पुलस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। बदमाशों ने करीब एक महीने बाद उसने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, तब पीड़ित ने गौतमनगर थाने में शिकायत की।

पुलिस ने पांच नामजद समेत कुल आठ आरोपितों पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, 16 वर्षीय किशोर पिपलानी में फल की दुकान पर काम करता है।

उसने पुलिस को बताया कि बदमाश नदीम बच्चा उसके भाई का दोस्त है, जिससे मिलने वह एक बार जेल गया था।

इस दौरान जेल में बंद एक अन्य बदमाश अरबाज ने उसे देख लिया। अरबाज और नदीम बच्चा की आपस में दुश्मनी है।

नाबालिग ने बताया 22 मार्च को आरोपितों ने उसे फोन कर एमपी नगर के एक कैफे में मिलने बुलाया था।

तब अरबाज, शानू, शाहिद, मछली और अल्ताफ सहित उसके अन्य साथी पहुंचे। सभी ने अजनाल डैम ले जाकर उसे नग्न कर पीटा।

# डीजे पर डांस को लेकर विवाद में युवक की हत्या

गुड इवनिंग, ग्वालियर

ग्वालियर जिले के डबरा देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अकबाई गांव में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब डीजे पर डांस को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस विवाद के दौरान हुई फायरिंग में एक युवक को सिर में गोली लग गई, जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को गंभीर हालत में इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया। जहां, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक युवक की पहचान सुनील रावत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे पर डांस कर रहे दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में यह कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने अपने पास रखी बंदूक से फायरिंग कर दी। बंदूक से निकली गोली सुनील रावत के सिर में लग गई। गंभीर हालत में सुनील को तुरंत स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ग्वालियर के बड़े अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सुनील ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने मामले में गोली चलाने वाले आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। वहीं, अब सुनील की मौत के बाद इसे हत्या की धारा में बदला जा सकता है। डबरा देहात थाना पुलिस ने आरोपी की तलाश में टीमें रवाना कर दी हैं। शादी समारोह में इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। जहां एक ओर खुशियों का माहौल था, वहीं अब परिजन और ग्रामीण सदमे में हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

पिछोर थाना क्षेत्र के ग्राम निबी में दलित परिवार के यहां आई थी बरात

# डीजे बजाने से रोका, विरोध किया तो कर दी पिटाई

गुड इवनिंग, ग्वालियर

**ग्वालियर में एक दलित दूल्हे की बरात में डीजे बजाने को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के ग्राम निबी में दलित परिवार के यहां भितरवार के गांव कुडपार से बारात आई हुई थी। जैसे ही डीजे के साथ बारात गांव में निकली तो गांव के ही ग्रामीणों ने डीजे पर गाने बजाने से मना किया। जब बारातियों ने विरोध जताया तो ग्रामीणों ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। डीजे तोड़फोड़ की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। उसके बाद गांव से बारात निकली।**



जब बारात निकल रही थी तो ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था। ग्रामीणों ने कहा कि डीजे पर गाना नहीं बजेगा। इसके बाद विवाद बढ़ता चला गया है। विवाद की सूचना पर पिछोर थाना प्रभारी बलविंदर ढिल्लन पुलिस बल को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों पक्षों को समझाते हुए बारात को वहां से निकला गया। मामला इतना बढ़ गया कि ग्वालियर देहात एडिशनल एसपी निरंजन शर्मा और डबरा सिटी पुलिस, गिजौर्रा थाना पुलिस बल, भारी संख्या में पुलिस बल ग्राम निवी पहुंचा और शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल को गांव में तैनात किया।

पुलिस अधिकारियों ने फोर्स के साथ बारात को गांव से निकलवाया, लेकिन इसके बावजूद दबंग वहां पर लगातार विरोध करते रहे। इसके बाद दुल्हन के भाई सतीश जाटव फरियादी की थाने में शिकायत दर्ज कराई और उसके बाद पिछोर पुलिस ने 6 लोगों पर मामला दर्ज किया। धारा परिहार, आकाश, विकास, रिंकू, गोलू, गजेंद्र परिहार सभी आरोपी एक ही वर्ग हरिजन है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। गौरतलब है कि इससे पहले भी इस गांव में ऐसी घटनाएं सामने आई है, लेकिन यह रूढ़िवादी सोच अभी भी लोगों को परेशान कर रही है।

# कृषि मंडी लोहारदा के शौचालयों के गेटों पर लटका ताला, पसरी गंदगी

**गुड इवनिंग, खातेगांव**

सरकार स्वच्छ भारत मिशन पर जोर दे रही है, लेकिन कृषि मंडी लोहारदा समिति में सार्वजनिक शौचालय की स्थिति खराब है। महीनों से सफाई नहीं हुई है और मंडी समिति के शौचालय पर ताला लगा हैं। सरकार का मकसद खुले में शौच जाने से लोगों को मुक्ति दिलाना है। इसके लिए हर शासकीय, व सार्वजनिक स्थल पर सामुदायिक शौचालय भी बनवाए गए हैं। सार्वजनिक शौचालय बनवाने पर अच्छी-खासी रकम सरकार खर्च कर रही है, लेकिन न तो रख-रखाव पर ध्यान दिया जा रहा है, न ही इनका लाभ आमजन तक पहुंचाने पर। लोहारदा कृषि मंडी समिति इसका प्रमाण है।

किसानों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाए सार्वजनिक शौचालय में गंदगी रहती है। महीनों से साफ सफाई नहीं हुई है। शौचालय पर ताला लगा रहता है। कृषि मंडी समिति लोहारदा में हर रोज हजारों की संख्या में किसान अनाज बेचने व व्यापारी अपना व्यापार करने के लिए आते हैं इसके बाद भी मंडी समिति के अधिकारियों का किसानों की समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं है। स्व. कैलाश जोशी कृषि मंडी लोहारदा में सार्वजनिक शौचालय तो बना है, लेकिन यह केवल शोपीस बनकर रह गया है। सार्वजनिक शौचालय में पड़ी हुई गंदगी से ऐसा लग रहा है जैसे महीनों से शौचालय की साफ सफाई नहीं की गई हो। शौचालय में गंदगी का अंबार नजर आ रहा है। शौचालय के गेट पर ही भारी गंदगी के चलते उसमें प्रवेश करना बहुत मुश्किल है।

हजारों लाखों रुपए मंडी समिति द्वारा रंगाई पुताई, साफ सफाई के नाम पर खर्च कर दिए जाते हैं। ये सब कागजों पर ही सिमट कर रह जाते हैं। लोहारदा मंडी समिति में हर रोज 4 बजे से ही मंडी क्षेत्र के 30- 40 गावों से किसान अनाज लेकर आते हैं। वहीं व्यापारी भी मंडी समिति से थोक में अनाज खरीदने के लिए आते हैं। दिन में किसान गल्ला लेकर आते हैं। ऐसे में शौचालय पर ताला लगा होने एवं गंदगी होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुबह तीन बजे से ही मंडी में किसान अनाज लेकर आते हैं। एक तरफ यहां अंधेरे से लोग परेशान रहते ही हैं, वहीं यदि किसी किसान को शौच करने जाना हो तो सार्वजनिक शौचालय में ताला लगा होने से वह इधर-उधर सड़क किनारे जाने को मजबूर होते हैं। इससे गंदगी फैल रही है। टॉयलेट की कोई व्यवस्था ना होने के चलते किसानों को इधर-उधर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां पर सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। इसकी लम्बे समय से सफाई नहीं हुई और शौचालय के गेटों पर लगातार ताले लटके रहते हैं।

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से मामला सामने आया है मैं दिखवाता हूं, और सुधार करवाता हूं!

**-हरिओम ठाकुर** तहसीलदार सतवास





## हॉस्पिटल में जबरन घुसकर करवाते हैं रैगिंग, बंद किए कॉलेज के सीसीटीवी कैमरे

# लर्निंग नर्सेस-कॉलेज छात्राओं के साथ छेड़छाड़

## स्टाफ ने एसडीएम, सीएमएचओ सहित नौगांव थाने पर दिया शिकायती आवेदन, लगाया आरोप

**गुड इवनिंग, धार**

*शहर के सबसे पुराने आईजीएम कॉलेज और लाइफ केयर हॉस्पिटल के मेडिकल स्टाफ द्वारा दो युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़ और दुर्व्यवहार की शिकायत की गई है। इस संबंध में महिला स्टाफ ने नौगांव थाने पर अन्य स्टाफ कर्मियों के साथ शिकायती आवेदन सौंपा। शिकायती आवेदन में नावेद शरीफ पटेल निवासी गवला सादलपुर एवं शोएब इसराईल पटेल के खिलाफ नामजद शिकायत की गई है। आवेदन में बताया गया है कि दोनों युवक हॉस्पिटल में जबरिया प्रवेश कर जाते है और सीनियर छात्रों के माध्यम से जूनियर की रैगिंग करवाते हैं। कॉलेज के सीसी टीवी कैमरे भी बंद कर दिए है। समझाने के दौरान महिला स्टॉफ चांदनी जाधव एवं कॉलेज प्रभारी रजनी लश्करी के साथ अपशब्दों का प्रयोग किया गया है। आवेदनकताओं ने कहा कि दोनों युवक अपराधिक प्रवृत्ति की मानसिकता के है।*

**जान-माल के नुकसान की आशंका**-आवेदनकताओं ने बताया कि दोनों युवक महिला स्टॉफ को उठाकर ले जाने की धौंस देते है। इनके आतंक से भय का माहौल बना हुआ है। दोनों पर कार्रवाई नहीं होती है तो भविष्य में बड़ा विवाद कर-के जान-माल को नुकसान पहुंचा सकते है। इस मामले में दोनों युवकों से उनका पक्ष समझने के लिए प्रयास किए गए तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



### ऑडियो रिकार्डिंग के नाम पर ब्लैकमेलिंग

शिकायती आवेदन में बताया गया कि नावेद द्वारा 10 वर्ष पुरानी कोई फर्जी ऑडियो गुजरात वकील से बातचीत की बताकर ब्लैक मेलिंग की जा रही है और लाखों रूपए मांगे जा रहे है। ऑडियों में आवाज डॉ जमील शेख की नहीं है। आवेदन में बताया कि शोएब द्वारा कॉलेज के काउंटर से इंटरनी छात्रों के रजिस्ट्रेशन हेतु 50 हजार रूपए लिए गए है, राशि जमा नहीं करवाई जा रही है। मांगने पर गाली-गलौज की जाती है। दोनों युवक हॉस्पिटल में बगैर अनुमति प्रवेश करके गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ व बदतमीजी करते है। हॉस्पिटल के मैनेजर चिकित्सक लोकेन्द्र सिसौदिया द्वारा उन्हें रोका गया तो उनके साथ भी बदतमीजी की गई। बताया जा रहा है कि नावेद पहले हॉस्पिटल में मेडिकल स्टोर का संचालन करता था। इस दौरान फर्जी बिल बनाकर लाखों रूपए का गबन भी उसके द्वारा किया गया है। यह राशि मांगने पर भी उसके द्वारा विवाद किया जाता है।

### कॉलेज बंद करवाने की दी धमकी

आवेदन में बताया गया कि नावेद पटेल का हौम्योपेथिक रजिस्ट्रेशन नहीं है। इसके बावजूद धारेश्वर हॉस्पिटल में एलोपैथिक प्रेक्टिस नाईट ड्यूटी की जा रही है। दिन में भी अन्य अस्पतालों में काम करता है। युवक पटेल द्वारा 2 दिन में रजिस्ट्रेशन ना मिलने पर 122 छात्रों को भोपाल ले जाकर इंदौर के नेताओं के साथ कॉलेज बं करने की धमकियां भी दी जा रही है। हकीकत यह है कि कॉलेज ने एनसीएस नई दिल्ली मप्र आर्युविज्ञान यूनिवर्सिटी जबलपुर व मप्र राज्य हौम्योपेथिक आयोग भोपाल में उनके रजिस्टेशन के संबंधित कागजात भेज दिए गए है जिसकी सूचना धार अनुविभागीय अधिकारी को भी 2-3 बार लिखित में भेज चूके है। आगानी कार्रवाई वहीं से होना है। कालेज प्रशासन की कोई लापरवाहीं नहीं है।

# गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह के बलिदान को किया याद

**गुड इवनिंग, धार**



मालवा चर्च काउंसिल - मसीही सेवा मंडल के निर्देशन में प्रेसबिटेरियन प्रोटेस्टेंट ईसाई समाज में गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

मॉडरेटर रेव्ह. सुभाष डेविड कुरिया की अध्यक्षता में गुड फ्राइडे की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर उन्होंने कहा आज से 2000 वर्ष पूर्व यहूदी महासभा सन्हेन्दीन में ईसा मसीह के तत्कालीन के विरोधियों द्वारा स्वयं की आत्मा की सीमाओं के कारण, धर्मांधता के कारण, उनके पूर्वाग्रह के कारण षड्यंत्र पूर्वक ईशनिंदा का आरोप लगाकर प्रभु ईसा मसीह को मृत्युदंड दे दिया गया परंतु सही मायने में क्रूस पर यह बलिदान परमेश्वर की उद्धार की योजना अंतर्गत था। ईसा मसीह का बलिदान मानव जाति को करुणा, प्रेम, और क्षमा प्रदान करता है।

गुड फ्राइडे पर क्रूस पर से ईसा मसीह के द्वारा कही गई सात वाणियों पर चिंतन मनन किया गया। इन वाणियों की व्याख्या मॉडरेटर रेव्ह.सुभाष डेविड कुरिया, ब्रदर राजू फ्रांसिस, ब्रदर प्रीतेश निकल्स, मर्सी स्टेला चंद द्वारा की गई। शास्त्र पाठ विमला मसीह, सेरा फ्रांसिस, हंसारानी डेविड ,श्रीमती दीपा निकल्स द्वारा किया गया नम्रता डामोर के निर्देशन में क्वायर ग्रुप - भजन मंडली द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी गई। सूचना का प्रसारण ब्रदर आशीष के द्वारा किया गया। इसी के साथ सप्ताह भर महिला सभा और युवा सभा द्वारा आनंद नगर, मिशन कंपाउंड, पास्टर निवास जवाहर मार्ग, हैप्पी विला कॉलोनी और धार शहर के अनेक प्रेसबिटेरियन ईसाई समाज के परिवारों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई तथा गुरुवार के दिन पवित्र सहभागिता अंतिम प्रभु भोज की आराधना संपन्न की गई।

**अनेक प्रेसबिटेरियन ईसाई समाज के परिवारों में प्रार्थना सभाएं**

ईस्टर संडे को प्रातः कालीन भोर की प्रार्थना सभा आनंद नगर सेवाग्राम और सीता पाठ के कब्रिस्तानों में आयोजित की जाएगी तथा समाधि स्थलों पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके पश्चात ईस्टर संडे को ईसा मसीह के जी उठने की खुशी में हर्षोल्लाह पूर्वक पुनरूत्थान दिवस मनाया जाएगा। संचालन ब्रदर राजू फ्रांसिस ने किया। आभार हंसारानी डेविड द्वारा माना गया।

# सारंगपुर में महज एक माह में 45 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी

## 68 करोड़ का भुगतान, 6697 किसानों ने अब तक बेची उपज



**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

सारंगपुर में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में नया रिकॉर्ड बनाया है। विकासखंड में इस बार सिर्फ एक महीने में ही 45 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। यह आंकड़ा पिछले साल के पूरे सीजन की खरीदारी से भी अधिक है।

खरीदी केंद्र 15 मार्च से शुरू हुए हैं और 5 मई तक चलेंगे। अब तक विकासखंड में 6697 किसानों को 68 करोड 7 लाख 15 हजार 109 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कुल खरीदी 1 अरब 18 करोड 72 लाख 54 हजार 884 रुपए की हो चुकी है। सारंगपुर खाद्य विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 खरीदी केंद्र विकासखंड में बनाए गए है, जिसमें चिडलावनिया, पटाडिया धाकड़, धामंदा, पाटक्या, मऊ, पड़ाना, संडावता, बालोडी, तलेनी, मार्केटिंग सोसायटी पचोर एवं सारंगपुर, हराना, पाडल्यामाता, टिकरिया, निहाल, आसारेटा, पाडल्या अंजाना, सुल्तानिया, पानिया, उदनखेड़ी, तलेन, नाहली, खजुरियाघाटा, भरेड़, इकलेरा, डिगवाड एवं परसूखेड़ी शामिल है।

**जिले में इतनी हुई खरीदी**-सारंगपुर विकासखंड़ सहित जिले भर में चल रही खरीदी की बात करें तो अब तक जिले में कुल 108 केंद्रो पर 32 हजार 796 किसानों ने 2 लाख 41 हजार 158 मेट्रिक टन खरीदी की खरीदी की जा चुकी है। जबकि किसानों को अब तक 3 अरब 14 करोड़ 11 लाख 87 हजार 233 रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

**गेहूं खरीदी पर बोनस भी दे रही सरकार**-सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। इसके अलावा मध्य प्रदेश सरकार 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दे रही है। इस तरह किसानों को कुल 2600 रुपये प्रति क्विंटल दे रही है।

# ऑल इंडिया मास्टर्स गेम्स हिमाचल प्रदेश 2025 में शामिल होंगे धार जिले के खिलाड़ी

धार। ऑल इंडिया मास्टर्स गेम्स एसोसिएशन द्वारा इस वर्ष विभिन्न 21 खेलों की स्पर्धाएं हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध स्थल धर्मशाला में आयोजित की जा रही है। 10 दिवसीय स्पर्धा 28 अप्रैल तक चलेगी। इसमें मध्य प्रदेश की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कृष्णकांत यादव राजू पहलवान पावर लिफ्टिंग में कन्हैयालाल पाटीदार एथलेटिक्स में दिलीप जोगलेकर और शमशेर सिंह यादव बैडमिंटन में तथा अनोखी लाल पुलिस विभाग की ओर से सहभागिता करेंगे। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत दिलीप जोगलेकर इस वर्ष बैडमिंटन में गोवा और गुजरात में विजेता बनने के पश्चात अपने खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लिए बैडमिंटन कोर्ट में उतरेंगे। धार जिले ने राज्य स्पर्धा में 6 स्वर्ण तथा 4 रजक पदक प्राप्त किए हैं। ऑल इंडिया मास्टर्स गेम्स 2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सुभाष डेविड, राजू फ्रांसिस, विनोद यादव ,प्रकाश पाटिल, विजय शिंदे, राजीव डेविड, विनोद चौहान, राजेश सक्सेना,सचिन पाल, सादिक खान गोल्डन, सुभान सिंह बघेल, मनोज शुक्ला, दुर्गेश यादव, मनोज चौहान, छगन अम्लीयार, लेखराज मकवाना, दुर्गेश वर्मा, कृष्णा सूजान ,उत्कर्ष डेविड, आशीष अम्लीयार, धीरेंद्र भूरिया, लखन भाटिया विक्रम भूरिया, और राहुल पाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी है।

**दिलीप जोगलेकर बैडमिंटन में अपने तीसरे खिताब के लिए खेलेंगे**

# अब तक शुरू नहीं हुई प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थी और अभिभावक चिंता में




**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

नए शिक्षण सत्र 2025-26 शुरू हुए आधा अप्रैल माह बीत चुका है, लेकिन अभी तक आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। जिससे वंचित वर्ग के बच्चों के अभिभावकों को परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। कई पालकों को इस बात की भी जानकारी नहीं है कि उनके बच्चों को दाखिला स्कूलों में होगा भी के नहीं।

ऐसी स्थिति में उन्हें मन चाहा स्कूल नहीं मिल पाएगा और उन्हें अन्य स्कूलों में जाकर मोटी रकम चुकाकर बच्चों को पढ़ाना होगा। बावजूद इसके विभागीय स्तर पर अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया कब तक शुरू हो सकेगी। ऐसी स्थिति में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को इसका सीधा नुकसान उठाना पड़ेगा।

**खाली रह सकती हैं निजी स्कूलों में सीटें**-यदि आरटीई के तहत 25 फीसदी वंचित वर्ग के बच्चों को समयसीमा में प्रवेश नहीं मिल सका, तो वह अन्य निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने मजबूर हो जाएंगे, जिससे निजी स्कूलों में सीटें खाली रहने की आशंका बनी हुई है, वहीं अभिभावकों को अन्य स्कूलों में दाखिला करवाने पर मोटी फीस चुकानी पड़ सकती है। जानकारी के अनुसार इस साल नवीन शिक्षण सत्र से पहले निजी स्कूलों की मान्यताओं को लेकर जटिल नियम लागू किए गए थे।

**बोले जिम्मेदार**

उच्च स्तर से जल्द ही आरटीई के तहत निजी स्कूलों में वंचित वर्ग के बच्चों के प्रवेश के लिए प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। जिससे अभिभावक बच्चों को प्रवेश दिला सकेंगे।

**-बीएल वर्मा,** बीआरसी, सारंगपुर।



# डॉ. सुनयना खन्ना

डॉ. सुनयना खन्ना, जिन्हें "संपूर्ण सटीक भविष्यवक्ता" के नाम से जाना जाता है, एक अद्वितीय ज्योतिष विज्ञान विशेषज्ञ हैं। उनकी "वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड" से सम्मानित पुस्तक "प्रेडिक्टोलॉजी" एक व्यापक मार्गदर्शिका है, जो हस्तरेखा विज्ञान, पश्चिमी और वैदिक ज्योतिष, पश्चिमी और वैदिक अंकशास्त्र, ओशो जेन और राइडर-वेइट टैरो, वास्तु, और लाल किताब के उपायों को शामिल करती है। यह पुस्तक अनोखे ढंग से इन नौ रहस्यमय विद्याओं को एक ही ग्रंथ में समाहित करती है।

PREDICTOLOGY
ART OF MASTERING MYSTIC SCIENCES

# मूलांक 9 वालों को प्रतियोगिता में मिल सकती है सफलता

**साप्ताहिक भविष्यफल (20 अप्रैल से 26 अप्रैल, 2025) मूलांक (1 से 9) के अनुसार, (जिनका जन्म तारीख 1, 2, 3 ... 9, 10, 11, ... 31 को हुआ है, वे नीचे दिए गए मूलांक अनुसार पढ़ें।)**




### मूलांक 1 (1, 10, 19, 28)

**करियर:** इस सप्ताह नए अवसर मिल सकते हैं। बॉस या सीनियर से सराहना मिलेगी।

**रिश्ते:** प्रियजनों के साथ संवाद में सुधार आएगा। पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे।

**धन:** निवेश के लिए अनुकूल समय है, लेकिन साझेदारी में सोच-समझकर कदम रखें।

**स्वास्थ्य:** पेट से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। पानी और आहार पर ध्यान दें।

### मूलांक 2 (2, 11, 20, 29)

**करियर:** काम में भावनात्मक निर्णय लेने से बचें। धैर्य रखें, चीजें सुधरेंगी।

**रिश्ते:** इस सप्ताह रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। प्रेम संबंधों में नजदीकियां आएंगी।

**धन:** खर्चों पर नियंत्रण रखें, वरना बजट बिगड़ सकता है।

**स्वास्थ्य:** नींद पूरी न होने से चिड़चिड़ापन महसूस हो सकता है।

### मूलांक 3 (3, 12, 21, 30)

**करियर:** नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, टीम को अच्छी तरह संभाल पाएंगे।

**रिश्ते:** पितृपक्ष या बुजुर्गों से शुभ समाचार मिल सकता है।

**धन:** आय में वृद्धि के योग हैं, खासकर शिक्षा या कंसल्टिंग से जुड़े लोगों के लिए।

**स्वास्थ्य:** गले में खराश या थकान की शिकायत रह सकती है।

### मूलांक 4 (4, 13, 22, 31)

**करियर:** ऑफिस में परिवर्तन संभव है। नई जिम्मेदारियां या स्थानांतरण हो सकता है।

**रिश्ते:** अपने विचार दूसरों पर न थोपें, नहीं तो विवाद हो सकते हैं।

**धन:** पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है।

**स्वास्थ्य:** सिरदर्द या माइग्रेन जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

### मूलांक 5 (5, 14, 23)

**करियर:** यात्राओं के योग हैं, जो लाभकारी रहेंगी।

**रिश्ते:** दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**धन:** फ्रीलांसरों या सेल्स से जुड़े लोगों के लिए अच्छा सप्ताह है।

**स्वास्थ्य:** श्वसन संबंधी दिक्कत हो सकती है, धूल या प्रदूषण से बचें।

### मूलांक 6 (6, 15, 24)

**करियर:** क्रिएटिव या फैशन इंडस्ट्री वालों को नए अवसर मिलेंगे।

**रिश्ते** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा, पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी।

**धन:** लक्जरी वस्तुओं पर खर्च हो सकता है। निवेश सोच-समझकर करें।

**स्वास्थ्य** : स्किन या हार्मोनल इश्यू की संभावना है। समय पर चेकअप कराएं।

### मूलांक 7 (7, 16, 25)

**करियर** : आप अपने कार्य में नई रणनीति अपनाएंगे जो सफल रहेगी।

**रिश्ते:** किसी करीबी से मतभेद हो सकता है। शांतिपूर्वक सुलझाएं।

**धन:** धन संबंधी मामलों में कोई बड़ा निर्णय इस हफ्ते टाल दें।

**स्वास्थ्य:** पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं, लापरवाही न करें।

### मूलांक 8 (8, 17, 26)

**करियर:** मेहनत का फल मिल सकता है लेकिन परिणाम देर से आएंगे।

**रिश्ते:** कुछ रिश्तों में दूरी महसूस हो सकती है, धैर्य रखें।

**धन:** उधारी या कर्ज चुकाने में राहत मिलेगी।

**स्वास्थ्य:** पैरों में दर्द या थकान की शिकायत हो सकती है।

### मूलांक 9 (9, 18, 27)

**करियर** : प्रतियोगिता या स्पर्धा में सफलता मिल सकती है। लीडरशिप में सुधार होगा।

**रिश्ते** : क्रोध को नियंत्रित रखें, नहीं तो वाद-विवाद हो सकते हैं।

**धन:** आकस्मिक धन लाभ के योग हैं, पर खर्च भी बढ़ेंगे।

**स्वास्थ्य:** पेट और रक्तचाप संबंधी दिक्कतें रह सकती हैं, संयम जरूरी है।

**यह भविष्यवाणी सामान्य है, व्यक्तिगत प्रभाव कुंडली और अन्य कारकों पर निर्भर करता है। अधिक सटीक जानकारी के लिए अपनी कुंडली के अनुसार ज्योतिषीय सलाह। संपर्क करें - 9899833661, 9406812962**

support@predictologist.com www.predictologist.com

## अंचल

### बुजुर्ग महिला का कान काटा, गला घोंटा और झुमकियां चुराई

# सारंगपुर में घर में घुसकर 75 वर्षीय महिला की हत्या

### एसपी ने एक घंटे तक घटना स्थल पर ढूंढे सुराग, पुलिस ने दर्ज किया हत्या का प्रकरण

एजेंसी

**सारंगपुर।** सारंगपुर में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। चोर सोने की झुमकियां के साथ एक कान भी काटकर ले गए। बुजुर्ग घर में अकेली थी। बुजुर्ग जावरा की सिविल जज जूनियर डिवीजन शिवानी राठौर की नानी थीं। सूचना के बाद वे भी घटनास्थल पर पहुंचीं। वही घटना की गंभीरता को देखते हुए राजगढ़ पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों एवं अन्य टीमों को मामले की जांच के लिए आदेशित किया। उन्होंने करीब एक घंटा घटना स्थल पर रहकर सुराग की तलाश की गई।



मृतक सावित्री बाई राठौर।

**क्या है पुरी घटना-** घटना सारंगपुर के पछेटवाडी मोहल्ले में बीते 24 घंटे पहले की है। शनिवार सुबह पडोसियों को सावित्री बाई राठौर (75) की कोई आवाज नहीं आई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी श्रीमती हाड़ा ने बताया, प्रथम दृष्टया यह चोरी का मामला लगता है। चोर महिला को अकेला पाकर घर में घुसे और विरोध करने पर उनका गला घोंट दिया। जांच के लिए एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट्स ने सैंपल कलेक्ट किए। विशेष जांच दल घटना की छानबीन कर रहा है। अब तक की जांच में यह भी पता चला है कि बुजुर्ग से मिलने दो दिन से कोई परिजन नहीं गया था। पुलिस के मुताबिक, मृतक महिला के कमरे में 50 हजार नकद और अन्य सोने चांदी की रकम सुरक्षित रखी हुई मिली है। इससे चोरी की वजह से हत्या होने का शक कम होता जा रहा है। अंदेशा है की किसी नशेड़ी ने जल्दबाजी में कान के झुमके छुड़ाने के चक्कर में गला दबा दिया।

**थाना प्रभारी बोलीं- हत्या को 24 घंटे हो चुके-** थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने जांच के बाद बताया कि पुलिस जब पहुंची, तब महिला के कान का खून सूख चुका था। पहले अंदेशा था कि सुबह 3 बजे के करीब की घटना है। अभी एक्सपर्ट टीम की जांच के बाद ऐसा लग रहा है कि महिला की हत्या हुए 24 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं। संभवतः शुक्रवार सुबह या शाम को महिला की हत्या हुई होगी। इसलिए बारीकी से दोबारा जांच करना पड़ी। फॉरेसिक टीम भी जांच में लगी है।



सारंगपुर निरीक्षण करने पहुंचे एसपी ने थाना प्रभारी को दिए निर्देश।

#### तीनों बेटों से अलग रहती थी बुजुर्ग

सावित्री बाई के तीन बेटे हैं। बडे बेटे भवानी राठौर और मझले बेटे आनंदी राठौर उसी मकान में अलग-अलग रहते हैं। छोटा बेटा गोपाल राठौर मीडियाकर्मी है और अलग रहता है। सावित्री बाई अपने बेटों से अलग रहती थी। पडोसी निर्मल राठौर का कहना है कि ये नशे वालों का काम हो सकता है। मोहल्ले में स्मैक चरस और नशे के इंजेक्शन बिकते हैं।



घटना स्थल पर रसोई घर में जांच करते हुए एसपी।

#### बड़े बेटे ने सबसे पहले देखा शव

बुजुर्ग के बड़े बेटे भवानी शंकर राठौर ने बताया कि सुबह दूध वाला आया तो उसने बताया कि मां दूध लेने बाहर नहीं आ रही हैं। मैंने उससे दूध ले लिया। उसके आधे घंटे बाद सुबह 6.45 बजे जब मैं उन्हें दूध देने के लिए घर गया तो देखा मम्मी बिस्तर पर पडी थीं। मैंने फौरन छोटे भाई को बुलाया और इस बारे जानकारी दी। हमने पुलिस को सूचित किया। कान से सोने की झुमकियां गायब थीं। घर से और भी सोने-चांदी के जेवरात ले जाने की आशंका है। परिवार को आशंका है कि ये किसी एक इंसान का काम नहीं है, इसमें कई और लोग भी शामिल हो सकते हैं।

# बिहार की नाबालिग को पुलिस ने किया परिजन के सुपुर्द

### मुंबई देखने अपने मित्र के साथ घर से निकल गई थी किशोरी



**खंडवा।** मोबाइल और मुंबई की चकाचौंध में मोहित हुई नाबालिग, 13 अप्रैल को अपने गांव के ही मित्र के साथ अपने घर से निकल कर मुंबई पहुंची, वहां उसके साथ घूमी और किसी दूसरी लड़की के फोन आने पर मित्र से वाद विवाद हुआ और उसे छोड़कर अकेली मुंबई हावड़ा ट्रेन से बिना टिकट निकली, खंडवा में जी आर पी पकड़कर बाल कल्याण समिति के आदेश से वनस्टॉप सेंटर पहुंचाया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा न्यायपीठ समिति द्वारा बच्चों के संरक्षण एवं सुरक्षा लेकर लगातार किए कार्य किया जा रहे हैं, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं समिति सदस्यों ने काउंसिलिंग कर तथ्यों और साक्ष्यों को जुटाकर तीन दिन तक काउंसलिंग की उसके पिता को खोजकर संपर्क किया। पिता और नाबालिग को समझाया और शनिवार को न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं सदस्यों मोहन मालवीय, रुचि पाटिल कविता पटेल स्वप्निल जैन की उपस्थिति में पिता के सुपुर्द किया, पिता ने अपनी नाबालिग बेटी को पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी बाल कल्याण समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि अब उसकी लाडली बेटी को समझाकर रखेंगे।

# नीलकंठेश्वर वार्ड पहुंचे सांसद-विधायक, पानी की समस्या दूर करने का दिया आश्वासन

### महापौर ने की क्षेत्र में बोरिंग करवाने की घोषणा



एजेंसी

**खंडवा।** भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, ऐसे समय में बार-बार पाइपलाइन फूट जाने के कारण शहर में लगातार जल संकट बढ़ रहा है, महापौर अमृता अमर यादव के निर्देशन में नगर निगम प्रशासन की टीम जल समस्या के निदान को लेकर लगातार कार्य कर रही है, साथ ही जिन स्थानों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां टैंकरों के माध्यम से जलप्रदाय किया जा रहा है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पाइपलाइन के बार-बार फुटने के कारण विगत दिनों नगर के नीलकंठेश्वर वार्ड में क्षेत्र वासियों ने जल समस्या को लेकर प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम किया था, क्षेत्र की महिलाओं की मांग की पानी नहीं मिल पा रहा है और टैंकर में भी पानी गंदा होने के कारण उपयोग नहीं हो पा रहा है। पानी की समस्या का निदान होना चाहिए, क्षेत्र वासियों एवं प्रशासन मैं वाद विवाद हुआ था और महिलाओं सहित आठ लोगों पर एफआईआर की गई थी, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने कहा था कि प्रशासन द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई गलत है जनता अपनी समस्या को लेकर प्रदर्शन कर सकती है यह उनका अधिकार है, रिपोर्ट दर्ज होने के पश्चात क्षेत्र की समस्या दूर करने के लिए महापौर अमृता अमर यादव ने भी क्षेत्र वासियों से मुलाकात कर जल समस्या के निदान करने का आश्वासन देते हुए कई पाइपलाइन के माध्यम से अधिक पानी नहीं आ पा रहा है कुछ घरों में तो निगम द्वारा जगह चिन्हित कर बोरिंग करवा दिया जाएगा, प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शुक्रवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे भी नीलकंठेश्वर वार्डवासियों से मिले और प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की निंदा करते हुए केस को खत्म करने की बात कही एवं साथ ही जल समस्या के निदान को लेकर भी निगम के अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि गर्मी के दिनों में जल संकट बढ़ जाता है ऐसी स्थिति में जलप्रदाय किस प्रकार का हो उसको लेकर शीघ्र ही जिला प्रशासन निगम प्रशासन के साथ बैठकर पानी की समस्या का निदान करेंगे, इस अवसर पर सांसद श्री पाटिल के साथ विधायक कंचन मुकेश तनवे, सुनील जैन, संदेश गुप्ता, चंद्रेश पचौरी, अशोक पटेल, ओंकार जायसवाल के साथ क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में उछाल, कूलर-फ्रिज की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री

## अप्रैल की शुरूआत से ही पारा चल रहा 40 के पार



गुड इवनिंग, सारंगपुर

अप्रैल की शुरूआत से ही गर्मी ने जैसे सारंगपुर में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने पहले ही अनुमान जताया था। दिन का तापमान अभी से ही 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। शहर के इलेक्ट्रॉनिक बाजार में जबरदस्त हलचल देखने को मिल रही है। शहर के व्यापारी कह रहे हैं कि आमतौर पर पंखे, कूलर, फ्रिज और एसी जैसे उत्पादों की बिक्री 25 अप्रैल के बाद शुरू होती है, लेकिन इस बार मार्च के दूसरे सप्ताह से ही ग्राहक दुकानों का रुख करने लगे थे। खास बात यह है कि होली के बाद से मांग में लगातार बढोतरी हो रही है। गर्मी की इस समय से शुरूआत ने लोगों को कूलिंग से जुडी सुविधाओं की ओर तेजी से मोड दिया है। सबसे ज्यादा डिमांड कूलर और फ्रिज की है। बाजार में अब ऐसे फ्रिज सबसे ज्यादा बिक रहे हैं, जिनमें फ्रीजर नीचे और अन्य सेक्शन ऊपर होते हैं, ताकि उपयोगकर्ता को बार-बार झुकना न पडे। इनकी कीमत 25 हजार रुपये से शुरू है। एसी में 25 हजार से लेकर एक लाख तक की रेंज, इनवर्टर टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कंट्रोल फीचर्स लुभा रहे। एसी की मांग भी तेजी से बढी है, खासकर उन ब्रांड्स की जिनमें पांच साल की वारंटी है। 25,000 से लेकर एक लाख रुपए तक की रेंज में आने वाले इन एसी में इनवर्टर टेक्नोलॉजी और स्मार्ट कंट्रोल जैसे फीचर्स भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार अक्षत जैन के अनुसार, सारंगपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स से जुडी लगभग दर्जनभर से अधिक दुकानें हैं। रोज औसतन लाखो रुपए का व्यापार हो रहा है, जो मई तक बढ़ने की उम्मीद है। शहर में कूलरों की बात करें तो अब ग्राहक पानी की कम खपत वाले, लंबे समय तक चलने वाले और नॉइस फ्री यानी कम आवाज करने वाले कूलरों को प्राथमिकता दे रहे हैं। इनमें रिमोट कंट्रोल जैसे फीचर्स भी मिल रहे हैं। ऐसे कूलर की कीमत 3 हजार से 30 हजार रुपए तक है। 14 अप्रैल से शुरू होकर 5 जून तक चलने वाले विवाह सीजन ने इस ट्रेंड को और मजबूती दी है। इस दौरान न सिर्फ कूलर, एसी और फ्रिज की बिक्री तेज होगी, बल्कि एलईडी टीवी, मिक्सर, जूसर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की भी खपत बढेगी। दुकानदारों ने इस सीजन को देखते हुए पहले से ही स्टॉक भर लिया है और दुकानों के बाहर ही डिस्प्ले लगा दिया दिया है, ताकि ग्राहक सीधे चयन कर सकें।

### एबी रोड किनारे सार्वजनिक क्षेत्र में शराबखोरी, कारोबारियों को नहीं खौफ

# शराब ठेकेदार की मनमानी, दुकानों के बाहर ही बना लिया ओपन बार

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सरकार ने शराब दुकानों के अहाते बंद किए तो शराब ठेकेदार ने दुकान के सामने नशेडियों का जमघट लगाना शुरू कर दिया है। यहां थाना के सामने अलसुबह से देर रात तक इनका जमघट रहता है और यहां खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। शराब ठेकेदार पर आबकारी अधिकारी का संरक्षण होने के कारण विभागीय कार्रवाई नहीं हो रही है। वही सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर सख्ती का जिम्मा पुलिस का है। बता दे कि सारंगपुर में पुलिस थाना पास होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस अव्यवस्था से आमजन परेशान हैं। महिलाओं को खासी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पुलिस शहर को अपराध से मुक्त करने की तमाम योजनाएं तो बनाती है, लेकिन सडकों व चौराहों के किनारे चल रहे ओपन बार को रोकने की कोशिश नहीं करती। शाम ढलते ही देशी विदेशी शराब की दुकानों के सामने शराब के शौकीन बोतल खोलकर पैग बनाने लगते हैं। देर रात तक यहां का माहौल ओपन बार जैसा बना रहता है। यहीं जमा होते हैं, जो नशा चढने के बाद अपराध को अंजाम देने निकल पडते हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा एक पखवाडा पहले सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला आबकारी से कहा था कि ऐसा होने पर संबंधित शराब ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इससे पहले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, तत्कालीन कलेक्टर भी शराब दुकान संचालक की मनमानी पर कार्रवाई के निर्देश दे चुके हैं। इसके बाद भी हालात नहीं बदले। हालत यह है कि शहर की लगभग हर शराब दुकान के बाहर खुले अहाते बन गए हैं। शनिवार को भी शहर की तीनों दुकानों के सामने एक जैसा नजारा था। लोग दुकान से शराब लेकर बाहर हाथ ठेलों से स्नेक्स और गिलास लेकर वहीं पर शराब पीते फिर से नजर आने लगे हैं। पुलिस प्रशासन, आबकारी विभाग ने दिसंबर में इसके खिलाफ लगातार कार्रवाई की थी। उस दौरान नपा ने अवैध रूप से जमे हाथ ठेले वालों को हटाया था, लेकिन इन दिनों स्थानीय अधिकारी की सांठगांठ के चलते फिर से वही स्थिति बन गई है।

**दुकानों पर शराब पीते मिले लोग**- शमारी टीम ने नगर की शराब दुकानों का जायजा लिया। बस स्टैंड, इंदौर नाका सभी दुकानों के बाहर लोग शराब पीते मिले। जबकि एबी रोड होने के कारण यह से गुजरने वाले अधिकारी-पुलिसकर्मी ये नजारा अलसुबह से देर रात तक ये नजारा देखते हैं। यह दृश्यय उनकी अनदेखी व लापरवाही को दशार्ता है।

**जाम के हालात**-शहर से निकले ओल्ड एबी की दोनों शराब दुकान के सामने से शाम के बाद निकलना मुश्किल है। इंदौर नाका की दुकान के आगे कालीसिंध रोड पर शराबियों का कब्जा बना रहता है। वही नेशनल हाईवे पर संचालित दुकान हाईवे से सटी होने के कारण हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।



इस तरह टुट रहे नियम।

### कार्रवाई करेंगे

इस महीने से शराब ठेकेदार बदले गए है, शराब ठेकेदार अगर दुकान के बाहर शराबियों को बैठाकर शराब पिला रहा है तो हम कार्रवाई करेंगे।

**-सौरभ कनासिया**, आबकारी अधिकारी, सारंगपुर।

# नेता प्रतिपक्ष ने किया टांडा क्षेत्र का दौरा, पानी के टैंकर बांटे

गुड इवनिंग, बाग



गंधवानी विधानसभा के टाण्डा क्षेत्र के विधायक एवं उमंग सिंघार ने योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया एवं जल समस्याओं को देखते हुए पानी के टैंकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध करवाये।

ग्राम-जेतगढ़ मैं टेंकर, ऊकाला में टैंकर, नरवाली में टेंकर, काकड़कुआँ में टैंकर, घोघाधयड़ी में टैंकर, परेठा में टैंकर, घोर में टेंकर किये। अन्य कई बड़ी सौगातें क्षेत्रवासियों को माननीय द्वारा दी गयी। जिसमें सिंगाचोरी प्राथमिक स्वा. केन्द्र, घोर में सी सी रोड़, बगोली से काकड़वा रोड.,खनिअम्बा में सी सी रोड का भूमी पूजन किया गया।विधायक द्वारा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को देखते हुए निरंतर प्रयासरत रहते है। जनता की समस्या का निराकरण करते हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक मांझी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित झंवर, युथ कांग्रेस अध्यक्ष करमसिंह मेहडा, पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष पवन ठाकुर, महिला कांग्रेस नेत्री प्रीति माहेश्वरी, महिला कॉग्रेस नगर अध्यक्ष माया बघेल , माया सोलंकी, रूखमा डामके, रंगा हटीला, युवा नेता गोलू सोलंकी, प्यार सिंह अलावा एवं कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संपादकीय

# स्टार्टअप के लिए मजबूत बोर्ड जरूरी




जेनसोल इंजीनियरिंग का मामला, जिसमें प्रवर्तकों ने कथित तौर पर फंड को अपने व्यक्तिगत कामों में इस्तेमाल किया, भारतीय स्टार्टअप जगत में धोखाधड़ी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक माना जा रहा है। यह न केवल देश की सराहनीय उद्यमिता पर एक बदनुमा दाग है बल्कि इससे स्टार्टअप की दुनिया में नियमन के माहौल को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने इस समाचार पत्र को दिए एक साक्षात्कार में आश्वस्त किया कि जेनसोल जैसे मामलों में खराब शासन-प्रशासन का मुद्दा वास्तव में व्यवस्थागत दिक्कत नहीं है और कारोबारी धोखाधड़ियों को रोकने के लिए ठोस कदम और शासन संबंधी मानक स्थापित हैं। सेबी प्रमुख यह मानते हैं कि नियामकीय सुधारों की शायद आवश्यकता नहीं लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र निदेशकों, बोर्ड और लेखा परीक्षकों को सक्रियता दिखानी होगी ताकि भ्रष्ट कंपनियों के लालच और कदाचार पर लगाम लगाई जा सके। यह कारोबारी धोखाधड़ी रोकने का कहीं अधिक सही तरीका प्रतीत होता है बजाय कि नियामकीय मानकों को और अधिक सख्त करने के। यह स्टार्टअप के लिए खासतौर पर सही है क्योंकि वे आमतौर पर नवाचार, तेज वृद्धि और सीमित संसाधनों वाली युवा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसे पहले भी फिनटेक, एडुटेक और अन्य क्षेत्रों में ऐसी स्टार्टअप सामने आ चुकी हैं जो नियामकीय अनुपालन में कामयाब नहीं रहीं। जेनसोल तथा उसकी उपभोक्तामुखी कंपनी ब्लूस्मार्ट के सेबी के जांच के दायरे में आने के बाद विधि विरुद्ध काम करने वाली स्टार्टअप की सूची और लंबी हो गई है। मंगलवार को शेयर बाजार नियामक ने जेनसोल इंजीनियरिंग के प्रवर्तकों और निदेशकों अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। ऐसा उनके कथित तौर पर फंड के दुरुपयोग तथा धोखाधड़ी करने के कारण किया गया। एक मजबूत बोर्ड रूम और साहसी स्वतंत्र निवेशक स्टार्टअप पर नजर रख सकते हैं और प्रवर्तकों द्वारा फंड के दुरुपयोग को रोक सकते हैं। इसके साथ ही बाहरी लेखा परीक्षकों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी के फंड प्रवर्तक की निजी जागीर नहीं हैं। ऐसा लगता है कि जेनसोल के मामले में न तो बोर्ड और न ही लेखा परीक्षकों ने अपना काम ठीक से किया। संस्थापकों ने गुरुग्राम में एक आलीशान अपार्टमेंट खरीदा, ढेर सारी धनराशि गोल्फ के उपकरण खरीदने में खर्च की और करोड़ों रुपये अपने रिश्तेदारों के खातों में हस्तांतरित किए। यह तब है जब कंपनी ने दो सरकारी एजेंसियों से कर्ज लिया था ताकि बिजली से चलने वाले वाहनों के अपने बेड़े का विस्तार कर सके। वित्त वर्ष 22 और वित्त वर्ष 24 के बीच लिए गए 977.75 करोड़ रुपये के ऋण में से संस्थापकों ने तकरीबन 262 करोड़ रुपये की राशि को जटिल लेनदेन के जरिये व्यक्तिगत कामों में खर्च किया। जेनसोल के शेयरों की कीमत विगत 12 महीनों में करीब 90 फीसदी टूट गई है। इस सप्ताह उस पर लोअर सर्किट लगा और इससे उसके शेयरधारक प्रभावित हुए। ग्राहकों पर भी असर पड़ा क्योंकि उसकी इलेक्ट्रिक कैब सेवा ब्लूस्मार्ट ने बिना किसी पूर्व सूचना के अपना परिचालन बंद कर दिया। ब्लूस्मार्ट ने उबर और ओला के दबदबे वाले कैब एग्रीगेटर क्षेत्र में ग्राहकों को विकल्प देने की पेशकश की थी। ब्लूस्मार्ट के बंद हो जाने के बाद उपभोक्ताओं को अब इन्हीं दो विदेशी फंडिंग वाली कंपनियों में से अपना चयन करना होगा। हालांकि कुछ शहरों में रैपिडो सेवा भी लोकप्रिय हो रही है। कुछ वर्ष पहले केलॉग स्कूल रिसर्च ने एक अध्ययन किया था जिसने यह दिखाया था कि नैतिक व्यवहार के मामले में स्टार्टअप के साथ अन्य संस्थानों की तुलना में नरमी बरती जानी चाहिए। परंतु अब समय आ गया है कि स्वतंत्र निदेशकों और लेखा परीक्षकों द्वारा अनैतिक आचरण को पहले ही चिह्नित कर दिया जाए।

# सारंगपुर में मिलावटी आमरस से खतरे में सेहत, मीठा जहर गटक रहे लोग

गुड इवनिंग, सारंगपुर

सारंगपुर में भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शीतल पेय आमरस के नाम पर मीठा जहर गटक रहे है। गर्मी से मिलने वाली यह राहत अब खतरे का कारण बनती जा रही है। शहर के बस स्टैंड और चौक-चौराहों पर बडी संख्या में आमरस की दुकानें लगी हैं, जहां अमानक स्तर का जूस बेचा जा रहा है। महज 10-20 रुपए में मिलने वाला यह आमरस असल में रासायनिक रंग और कृत्रिम पदार्थों से बनाया जा रहा है। दुकानदार न तो उपयोग किए गए रंगों का नाम बता पा रहे हैं और न ही उनके डिब्बे दिखा पा रहे हैं।

विशेष रूप से बनारस से आए कुछ व्यापारी सुबह बडी टंकियों में रस तैयार कर लाते हैं, जिसे पूरे दिन बेचते हैं। दुकानों पर रखे आम केवल दिखावे के लिए होते हैं। इसके अलावा, इन दुकानों में साफ-सफाई की भी भारी कमी है। वाहन चालित और भीडभाड वाले इलाकों में खुले में रखे पेय पदार्थ और बर्फ का खुलेआम उपयोग संक्रमण फैलने का खतरा बढा रहा है।

जानकारों का कहना है कि इनमें आम की मात्रा बहुत कम होती है और अधिकतर सामग्री मिलावटी होती है। इस मुद्दे पर फूड सेफ्टी अधिकारी एसएस खत्री ने जानकारी दी कि सोमवार से चलित लैब के माध्यम से मौके पर ही जांच की जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। डा. अंकित यादव ने आमजन से अपील की है कि वे सिर्फ प्रमाणित और सुरक्षित स्थानों से ही पेय पदार्थों का सेवन करें।

## धार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

**धार**। नगर पालिका परिषद के तत्वावधान तथा शिव शैलेन्द्र यादव (कविराज) के संयोजन में आयोजित श्री खेड़ापति हनुमान मेला उत्सव के अन्तर्गत मन्दिर के परिसर में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन हुआ। रात्रि दस बजे से प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन देर-रात ढाई बजे तक पूरे जोश पर बना रहा। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ से आमंत्रित कवयित्री, कोकिल कण्ठी माधुरी किरण द्वारा प्रस्तुत सस्वर सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात कवि सम्मेलन के मंच पर विराजित कवियों ने अपने उत्कृष्ट काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर बार ताली बजाकर दाद देने के लिए विवश कर दिया। नाथद्वारा राजस्था से पधारे कविवर गिरीश विद्रोही ने अपने काव्यपाठ से अपनी वरिष्ठता का परिचय दिया। ओम जी बम्बई ने ...अब वक्त आ गया है ना पत्थर उठाइए, तिरंगा उठाइये या लाहोर जाइए गीत पढ़कर कटाक्ष किया। संचालन करते हुए हरीश हंगामा ने...मोदी के बाद योगी की बारी है रचना से कवि सम्मेलन को सार्थकता प्रदान की। अंत में सेवा निवृत जल सेना कर्नल ओम प्रकाश जी यादव ने सामूहिक रूप से तिरंगा लहराते हुए, ए मेरे वतन के लोगों गीत से कवि सम्मेलन को देशभक्ति भावना से ओत प्रोत कर दिया।

### सारंगपुर के शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित प्रवचन में समाजजनों को दी समझाइश

# बिना धर्म संस्कार का जीवन बेकार : आचार्यश्री

गुड इवनिंग, सारंगपुर



सारंगपुर में सर्वप्रथमबार पदार्पण करने वाले जिनशासन ज्योतिर्पर सूरिरामचंद्र समुदाय के आध्यत्मिक प्रवचनकार जैनाचार्य विजय मुक्तिप्रभसूरीश्वरीजी महाराज के प्रशिष्यरत्न युवा प्रवचनकार जैनाचार्य पुण्यरक्षितसूरिजी महाराज ने सारंगपुर शहर के शास्त्री स्कूल में युवाओं एवं श्रावक भाईयो के लिए आयोजित मेरा जीवन सुगंधी बने विषय पर प्रेरणादायी धर्मप्रवचन में बताया था कि आपके कपड़े को सुंगधी बनाने के लिए आप इत्र-सेंट उपयोग करते है। लेकिन आपके जीवन को सुंगधी बनाने को इत्र की कोई आवश्यकता नहीं है। जीवन को सुगंधी बनाने को सदारचा अपेक्षित है। सदाचार जीवन को नंदनवन बनाता है, दुराचार जीवन को उज्जडवन बनाता है। बिना धर्म संस्कार का जीवन बेकार है।

आपके घर में साबुदानी, इत्रदानी, फूलदानी, मच्छरदानी, गुडदानी सभी होगा। मगर खानदानी नहीं होगी तो सभी बेकार है। श्रीमंतो के घर में घूमने के लिए एक दो तीन कार होगी मगर संस्कार बिना सभी बेकार है। पैसा आपको श्रीमंत बनाएगा, संस्कार आपको सुखी बनाएगा।

महाराजश्री ने कहा कि आज एसी घर में रहनेवाले की कंडीशन अच्छी नहीं है। क्योंकि उनके जीवन में कोई धर्मसंस्कार नहीं है। बिना धर्मसंस्कार का जीवन संघर्षमय, पीडामय होगा। इस जगत में से विदाय रोते हुए पूर्व स्नेह, सहानुमति, सदारचा की सौरभ रखते जाओं। यदि संपत्ति चल गई तो कुछ नहीं खोया, यदि स्वास्थ्य चल गया तो कुछ गया। मगर यदि चरित्र चल गया तो सब कुछ चल गया। आपके जीवन को सुंगधी बनाने के लिए तीन भाव जरुरी है जिसमें सदभाव, स्नेह भाव तथा समर्पण भाव। महाराजश्री ने कहा कि माता पिता भक्ति पात्र है दया पात्र नहीं है। भूलना सबकुछ मगर मां बाप को मत भूलना। माता पिता को करो प्रणाम, जग में पाओ ऊंचा नाम। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, यातायात की टीम ने बुझाई...






फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। यातायात प्रबंधन पुलिस के उपनिरीक्षक शिवलाल विश्वकर्मा व टीम देवास नाका चौराहा पर यातायात प्रबंधन का कार्य कर रही थी। इस दौरान टीम ने देखा कि पास ही ट्रांसफॉ र्मर में आग लग गई है। नजदीक से ही ट्रैफिक गुजर रहा है, जिस पर तत्काल यातायात टीम के उनि. शिवलाल विश्वकर्मा, प्र. आर. 3066 महेन्द्र सिंह तोमर द्वारा नजदीक फैक्ट्री से अग्निशमक यंत्र लाकर आग को बुझाया गया। जिससे बड़ी घटना नही हुई।

# बड़ा हादसा टला, बाल-बाल बचे 10 से अधिक लोग

गुड इवनिंग, देपालपुर

*इंदौर रोड पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने तीन मोटरसाइकिलों को टक्कर मारते हुए बिजली के पोल से टकराकर पलटी खा ली। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, हालांकि वाहन का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा शहीद भागीरथ सिलावट महाविद्यालय के सामने शाम लगभग 5 बजे हुआ। गांव के कुछ लोग मोटरसाइकिलों पर शहर जा रहे थे, तभी इंदौर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर तीन मोटरसाइकिलों व एक बिना नंबर की बाइक को टक्कर मारते हुए दूध की टंकी सहित बिजली के हाई वोल्टेज पोल से टकरा गया और पलट गया।*




**आधे घंटे की मशक्कत के बाद बची ड्राइवर की जान**-हादसे के तुरंत बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। लोडिंग वाहन में फंसे ड्राइवर को निकालने में करीब आधे घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय युवकों मयूर सेन, बबलू नागर व अन्य की मदद से वाहन की स्टेयरिंग तोड़कर ड्राइवर को बाहर निकाला गया। घायल अवस्था में उसे मोटरसाइकिल से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी जान बच पाई। ड्राइवर की पहचान सुरेश हिंदू सिंह, निवासी चिमन खेड़ी, के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह नशे की हालत में था।

### स्पीड ब्रेकर की उठी मांग

जहां यह हादसा हुआ, उस स्थान के आसपास शासकीय भागीरथ जी सिलावट महाविद्यालय, मॉडल स्कूल, कन्या छात्रावास, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सहित कई रिहायशी कॉलोनियां हैं। यह क्षेत्र अत्यधिक संवेदनशील है और यहां पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन से मुख्य मार्ग पर स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### पूर्व में भी हुए हैं हादसे

गौरतलब है कि शुक्रवार को भी क्षेत्र में चार अलग-अलग दुर्घटनाएं हुई थीं, जिससे साफ है कि यह सड़क दुर्घटनाओं का 'ब्लैक स्पॉट' बनती जा रही है।

### जाको राखे साइयां, मार सके न कोई

यह कहावत एक बार फिर चरितार्थ हुई, जब एक बड़ा हादसा होने के बावजूद दर्जनों लोग सुरक्षित बच निकले।

### फुटेज में कैद हुआ हादसा

हादसे का लाइव वीडियो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जिसमें वाहन की गति और दुर्घटना की भयावहता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। वाहन के परखच्चे उड़ गए और आसपास मौजूद लोगों की जान बाल-बाल बची। कई लोग महज दो मिनट पहले ही उस स्थान से हटे थे, वरना बड़ा जानी नुकसान हो सकता था।

## यूपी से मुंबई जा रहे पति-पत्नी को चाकू की नोंक पर लूटा, 4 बदमाशों ने नकदी सहित आभूषण उड़ाए

गुड इवनिंग, महू

मुंबई-आगरा हाइवे स्थित पांजरिया क्षेत्र में एक बार फिर बदमाशों ने राहगीरों के साथ लूटपाट मचाई। यहां शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे यूपी के संत कबीर नगर जिले से मुंबई जा रहे कार सवार पति-पत्नी को दो बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने चाकू की नोंक पर लूट लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यूपी के संत कबीर नगर के ग्राम भंवरा के रहने वाले रामकुमार पिता श्यामदेव साहनी अपनी पत्नी के साथ कार से मुंबई जा रहे थे। कार ड्राइव करने के दौरान रात को नींद आने पर पांजरिया गांव में पेट्रोल पंप और पावागढ़ ढाबे के पास कार रोककर आराम करने लगे। रात करीब 12.30 बजे नींद खुली तो रामकुमार कार से उतरे और कार की डिक्की खोलकर कुछ सामान निकालने लगे। इस दौरान दो बाइक पर सवार होकर आएं चार अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने चाकू निकालकर पति-पत्नी के गले पर अड़ा दिया और मारपीट करने लगे। साथ ही पत्नी को जान से मारने की धमकी देकर मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, सोने की अंगूठी और पांच हजार रुपए नकदी छीन लिए। दंपति ने बताया कि बदमाश करीब 80 हजार से अधिक कीमत के आभूषण और नकदी लूटकर ले गए। मामले की सूचना मिलते ही बडगोंदा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। बडगोंदा थाना प्रभारी लोकेंद्र सिंह हिहोर ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर बदमाशों की तलाश की जा रही है। साथ ही मार्ग सहित आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है।

**पहले भी हो चुकी है लूट की वारदात**-पांजरिया फाटे पर बीते दिनों 8 फरवरी को सुबह साढ़े पांच बजे पीथमपुर से अपने घर लौट रहे पति-पत्नी के साथ लूट की वारदात हो चुकी है।

## चिंटू चौकसे को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**इंदौर**। कांग्रेस पार्षद चिंटू चौकसे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस चौकसे को लेकर एम वाय अस्पताल मेडिकल के लिए ले गई। चिंटू चौकसे के साथ 7 से 8 लोगों के खिलाफ हुई एफआईआर दर्ज। चिंटू चौकसे की गिरफ्तारी होते ही चौकसे समर्थकों ने जमकर की थाने के बाहर नारेबाजी

## इंदौर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र मे हुई बड़ी घटना

**इंदौर**। वीर वीरेंद्र गार्डन पर मोदी परिवार घाटाबिल्लौद वाले की शादी में घुसे असामाजिक लोगों ने वहा पर उपस्थित घर-परिजनों के अलावा महिलाओं के साथ लाठी व लोहे के राड से की मारपीट। चार से ज्यादा गंभीर घायल। महिलाओं के अभद्रता की व मारपीट। पुलिस का सहयोग नही मिल पा रहा।

## प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाकर हिंसा की जांच की मांग

**महू**। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा पश्चिम बंगाल में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ शनिवार को तहसील कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। यहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने और प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय सुरक्षा बलों के हवाले करने की मांग रखी।

विश्व हिंदू परिषद के जिलामंत्री विमल दुबे ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता एकजुट होकर तहसील कार्यालय पहुंचें। यहां नायब तहसीलदार राधावल्लभ धाकड़ को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें बताया गया कि वक्फ कानून की आड़ में बंगाल में हिंदूओं पर हमला किया जा रहा है। इसके विरोध में देशभर में विहिप-बजरंग दल द्वारा आंदोलन शुरू किया गया है। वक्फ कानून के विरोध की आड़ में पूरे बंगाल को हिंसा की आग में झोंका जा रहा है। साथ ही यहां हिंदूओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। मुर्शिदाबाद से शुरू हुई हिंसा की घटनाएं पूरे प्रदेशभर में फैल चुकी है। दुबे ने बताया कि बंगाल सरकार दंगाईयों को काबू करने में असफल साबित हो रहा है। ऐसे में स्थिति बेकाबू होने से पहले केंद्र सरकार को प्रशासन का नियंत्रण और संचालन अपने हाथ में लेकर राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए।

## सांस्कृतिक गतिविधियों से आकर्षित कर रहा स्वदेशी मेला

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर के लालबाग परिसर में 13 दिवसीय स्वदेशी मेला समागम ना केवल स्वावलंबन की ओर कदमताल कर रहा है वहीं स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर बने हम को भी सार्थक करने में जुटा हुआ है।

स्वदेशी जागरण मंच स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन मालवा प्रांत का इस उत्सव में कुटीर, ग्रामीण व लघु उद्योगों के विक्रय का केन्द्र बना हुआ है साथ ही यहां की शाम लोकनृत्य, नृत्य नाटिकाएं, गीत संगीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सज रही है जो आमजनों को आकर्षित कर रही है। स्वदेशी मेला संयोजक योगेश मेहता ने बताया कि स्वदेशी मेले के सुसज्जित मंच पर प्रतिदिन रात्रि में मनोरंजक कार्यकम हो रहे है जिसके तहत संजय महाजन के निर्देशन में नटेश्वर नृत्य संस्थान, बडवाह जिला खरगोन की टीम द्वारा विविध प्रकार की नृत्य नाटिकाओं का मंचन किया गया जिसमें गणेश वंदना, जय जय मध्यप्रदेश, म्हारो निमाड़, कृष्णलीला, ऋतुश्रंगार, पनिहारी, श्रीराम स्तुति, गणगौर, घूमर, अवध उत्सव, प्यारा मालवा और नर्मदा जैसे लोकनृत्यों की मनोहारी नृत्य प्रस्तुतियां दी गई जिन्होंने श्रोताओं को बांधे रखा। अमरदीप औलख, मेला सचिव और डॉ विशाल पुरोहित, मालवा प्रांत संयोजक ने बताया कि स्वदेशी मेले के आकर्षण में विशेष रूप से बाबा अमरनाथ यात्रा दर्शन, श्री राम मंदिर दर्शन, जंगल पार्क, स्वदेशी गांव एवं इंदौरी खानपान के स्टॉल भी है जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने है।

## इंदौर में खुल रहा एआई का बड़ा सेंटर, कॉन्क्लेव में होगा उद्घाटन

### कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे

गुड इवनिंग, इंदौर

27 अप्रैल को होने वाली एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के दौरान आईटी क्षेत्र से जुड़ी चार कंपनियों के उद्घाटन होंगे और कुछ कंपनियों की आधारशीला रखी जाएगी। इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल होंगे। उसमें स्पेसटेक नीति, एवीजीसी लैब, ड्रोन स्कूल आफ एक्सीलेंस और सायबर सुरक्षा सेंटरों को प्रदेश में खोले जाने की घोषणा होगी। इंदौर के सिंहासा आईटी पार्क में एमपीआरडीसी के सहयोग से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)के लिए बड़ा सेंटर खोल रहा है। इसके अलावा सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सेंटर भी तैयार है। जबलपुर आईटी पार्क में 25 करोड़ की लागत से एक बिल्डिंग बनाई गई है। उसमें आईटी से जुड़े संस्थानों को स्पेस दी जाएगी। इससे 500 आईटी प्रोफेशनल को रोजगार मिलेगा। इस बिल्डिंग का वर्चुअली उद्घाटन होगा। देवास में कास्ट एनएक्स प्रायवेट लिमिटेड का स्टार्टअप पांच साल से संचालित हो रहा है। यह कंपनी भी अपनी सेवा का विस्तार कर रही है। जिसकी शुरुआत कॉन्क्लेव में होगी। इसके अलावा आईआईटी इंदौर की दृष्टि फाउंडेशन, जो टेक्नोलॉजी, इनोवेशन हब और बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर चलाती है। वह फाउंडेशन सिंहासा आईटी पार्क में 120 सीटर का इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है। इसे सात वर्षों तक इक्विटी शेयरिंग आधार पर संचालित किया जाएगा। इसका उद्घाटन भी मुख्यमंत्री के हाथों होगा। आईटी विभाग के नोडल अधिकारी द्वारकेश सराफ ने बताया कि मध्य प्रदेश स्पेसटेक नीति के तहत अंतरिक्ष प्रोद्योगिकी, अनुसंधान के लिए एक केंद्र भी स्थापित किया जाएगा। इसकी रुपरेखा कॉन्केलव में रखी जाएगी। ड्रोन स्कूल आफ एक्सीलेंस एमपी ड्रोन पालिसी के तहत स्थापित किए जाना है। इसे लेकर भी चर्चा होगी। कान्क्लेव इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी।

## रॉबर्ट नर्सिंग होम में जल्द खुलेगा ब्लड बैंक



गुड इवनिंग, इंदौर

शहर के रॉबर्ट नर्सिंग होम में ब्लड बैंक खोले जाने के संबंध में शनिवार को संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि रॉबर्ट नर्सिंग होम में शीघ्र ही ब्लड बैंक शुरू होगी। जिसका लाभ मरीजों को मिल सकेगा। यह ब्लड बैंक लायंस क्लब महानगर चेरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से शुरू होगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जवाहर बियाणी ने बताया कि ब्लड बैंक के लिए जमीन रॉबर्ट नर्सिंग होम ने प्रदान की है और बिल्डिंग किसी अन्य संस्था ने तैयार करके दी है। अब केवल आवश्यक उपकरण एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था करना बाकी है। बताया गया कि ट्रस्ट ब्लड एकत्रित करने के लिए समय-समय पर ब्लड डोनेशन कैम्प भी आयोजित करेगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।